



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


10 वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यापार विशेषज्ञों-हितधारकों के साथ ...

ट्रंप ने 'कनाडा के गवर्नर जस्टिन ट्रूडो' को क्रिसमस की दीं ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 251 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C

हां 30%
नहीं 50%
कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 79,005

चांदी 92,500

सेंसेक्स 81,786

निफ्टी 24,668

# राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार समारोह आयोजित, 17 बच्चे सम्मानित

प्रात: किरण/ एजेंसी

नईदिल्ली। राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से 17 बच्चों को सम्मानित किया। इन बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सात विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि पूरे देश और समाज को इन पर गर्व है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने असाधारण कार्य किए हैं, आश्चर्यजनक





उपलब्धियां हासिल की हैं, उनके पास असीमित क्षमताएं हैं और उनमें अतुलनीय गुण हैं। उन्होंने कहा कि ये बच्चे देश के अन्य बच्चों के लिए एक प्रेरणा हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की परंपरा बच्चों को अवसर प्रदान करने और उनकी प्रतिभाओं को पहचानने की रही है। उन्होंने जोर दिया कि इस परंपरा को और मजबूत किया जाना चाहिए। जब हम 2047 में भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएंगे, तो ये पुरस्कार विजेता बच्चे राष्ट्र के प्रबुद्ध नागरिक होंगे। ऐसे प्रतिभाशाली लड़के-लड़कियां एक समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस पुरस्कार से सम्मानित बच्चों ने देश को गौरवान्वित किया है और उन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण और कार्यों से यह साबित कर दिया है कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार उन बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्य किए हैं।

# पीएम मोदी ने युवाओं को उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल प्रदान करने का किया आह्वान

**वीर बाल दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से हो रहे बदलावों और चुनौतियों के अनुरूप खुद को ढालने की जरूरत पर जोर दिया और सरकार की युवाओं पर केंद्रित नीतियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, यह युग मशीनों से आगे बढ़कर मशीन लर्निंग तक पहुंच गया है। एआई केंद्र में आ गया है और हम देख सकते हैं कि इसका अनुप्रयोग पारंपरिक सॉफ्टवेयर की जगह ले रहा है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमारे युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना आवश्यक है।**





प्रात: किरण/ एजेंसी


नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देश की प्रगति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें कृत्रिम मेधा (एआई) व मशीन लर्निंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल प्रदान करने के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। वीर बाल दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से हो रहे बदलावों और चुनौतियों के अनुरूप खुद को ढालने की जरूरत पर जोर दिया और सरकार की युवाओं पर केंद्रित नीतियों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, यह युग मशीनों से आगे बढ़कर मशीन लर्निंग तक पहुंच गया है। एआई केंद्र में आ गया है और हम देख सकते हैं कि इसका अनुप्रयोग पारंपरिक सॉफ्टवेयर की जगह ले रहा है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमारे युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रतिभाशाली युवाओं को समर्थन देने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। वीर बाल दिवस समारोह में मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों, साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को याद किया, जिन्होंने मुगल साम्राज्य के उत्पीड़न के आगे समर्पण करने के बजाय अटूट साहस और विश्वास को चुना। उन्होंने युवाओं से उनकी विरासत से प्रेरणा लेने का आग्रह करते हुए कहा, 300 साल से भी अधिक पहले, 26 दिसंबर को, साहिबजादों ने अपनी कम आयु के बावजूद अद्वितीय वीरता दिखाकर प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने हर प्रलोभन को अस्वीकार कर दिया और अकल्पनीय यातनाएं सहन कीं, उन्होंने दिखाया कि उनके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस एक स्थायी सबक सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, राष्ट्र हित से बढ़कर कुछ भी नहीं है। राष्ट्र हित में किया गया प्रत्येक कार्य वीरता का कार्य है। मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेताओं से भी बातचीत की। 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को कला व संस्कृति, वीरता, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, खेल और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए मोदी ने कहा, इन बच्चों ने दिखा दिया है कि भारत के युवा क्या हासिल करने में सक्षम हैं। मैं राष्ट्र की ओर से सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देता हूं उन्होंने नीतियों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने पर सरकार के ध्यान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, स्टार्टअप से लेकर विज्ञान, खेल से लेकर उद्यमिता तक, परिवर्तन की एक नई लहर चल रही है। हमारी नीतियां युवाओं को ताकत देने को प्राथमिकता देती हैं।

चाहे वह स्टार्टअप इकोसिस्टम हो, अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का भविष्य हो, या खेल व फिटनेस हो, हमारी सभी पहल युवाओं पर केंद्रित हैं। मोदी ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से पोषण परिणामों में सुधार करना है। यह पहल हर भारतीय की बेहतरी सुनिश्चित करने के सरकार के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। मोदी ने युवा भारतीयों से साहस, नवाचार व सेवा के मूल्यों को अपनाने का आग्रह किया ताकि राष्ट्र को अधिक एकता व प्रगति की ओर अग्रसर किया जा सके।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन, एम्स दिल्ली में कराया गया था भर्ती

**पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को गुरुवार शाम को तबीयत बिगड़ने के बाद गंभीर हालत में एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। सिंह इस साल की शुरूआत में राज्यसभा से रिटायर हुए थे, जिससे उनका ३३ वर्षों का कार्यकाल समाप्त हुआ। प्रियंका गांधी और पार्टी के अन्य नेता भी शाम को पहले ही एम्स दिल्ली पहुंच गए थे।**




- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का दिल्ली एम्स में निधन
- कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी की बैठक निरस्त
- सभी नेताओं ने एक्स पर पोस्ट कर पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने गुरुवार रात को दिल्ली एम्स में आखिरी सांस ली। उन्हें देर शाम एम्स में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। दिल्ली एम्स ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। उधर, कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक को रद कर दिया गया है और सारे कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए। वहीं खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत तमाम नेता दिल्ली लौट रहे हैं। इससे पहले, 13 अक्टूबर 2021 को मनमोहन सिंह को एम्स में भर्ती कराया गया था। प्रख्यात अर्थशास्त्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय मनमोहन सिंह जी का निधन भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दिल्ली कांग्रेस परिवार आदरणीय मनमोहन जी की स्मृतियों को नमन करता है और राष्ट्रनिर्माण में दिये उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा- दुनिया के महान अर्थशास्त्री, भारत में आर्थिक सुधारों के पुरोधा और अपने काम के जरिये देश को प्रगति पथ पर आगे बढ़ाकर दुनिया भर में अलग पहचान दिलाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन की खबर से मन व्यथित है। उनके जाने से राजनीतिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है, जो निकटतम भविष्य में भर पाना बेहद मुश्किल है। दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि, परिवारजनों और समर्थकों के प्रति गहरी संवेदनाएं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन के बारे में जाद्दनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हमारे राष्ट्र के प्रति आपकी सेवा के लिए धन्यवाद। देश में आपके द्वारा लाईगई आर्थिक क्रांति और प्रगतिशील बदलावों के लिए आपको हमेशा याद किया जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री के निधन से देशभर में शोक की लहर

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह नहीं रहे। 92 साल की उम्र में उनका दिल्ली एम्स में निधन हो गया। उन्हें उम्र संबंधी दिक्कतों की वजह से गुरुवार रात 8:06 बजे एम्स में भर्ती कराया गया था। रात 9:51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मनमोहन सिंह प्रखर अर्थशास्त्री थे। 1991 में देश में शुरू किए गए आर्थिक उदारीकरण के वे शिल्पकार रहे। 2004 से 2014 तक वे प्रधानमंत्री रहे। उनके निधन से देशभर में शोक की लहर है।

# विदेशी ताकतों के इशारे पर भारत को तोड़ने वाले नक्शे लायी है कांग्रेस : भाजपा

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के बेलगावी (कर्नाटक) में होने वाले आयोजन में भारत के मानचित्र में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर एवं अक्साई चिन को गायब दिखाने पर तीखी प्रतिक्रिया जतायी है और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत विरोधी ताकतों के इशारे पर नैतिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक दायित्व का उल्लंघन किया है। भाजपा के प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर केवल राज करने के लिए देश विरोधी ताकतों के हाथों भारत को छिन्न भिन्न करने और जाति, प्रांत, संप्रदाय, क्षेत्र के आधार पर बांटने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। डॉ. त्रिवेदी ने कहा, आज पूरा देश गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए 'वीर बाल दिवस' मना रहा है।




परन्तु इसी अवसर पर दूसरी तस्वीर उभर कर सामने आती है, जो पीड़ा उत्पन्न करती है। बेलगावी में कांग्रेस द्वारा जो आयोजन किया जा रहा है, उसमें कांग्रेस कर्नाटक द्वारा एक ट्वीट जारी किया जाता है, जिसमें भारत के नक्शे में अक्साई चिन और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर गायब दिखता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा भारत के मानचित्र को छिन्न भिन्न दिखाना कोई पहली बार की घटना नहीं है। इन्होंने पहले भी कई बार ऐसा किया है। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) द्वारा 24 अक्टूबर 2024 को दर्शाए गये मानचित्र, कांग्रेस के अध्यक्ष के चुनाव के वक्त सितंबर 2022 में दिखाये गये मानचित्र में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर एवं अक्साई चिन को भारत का हिस्सा नहीं दिखाया गया था और 22 फरवरी 2020 को श्री राहुल गांधी द्वारा प्रदर्शित मानचित्र में को पूर्वोत्तर राज्यों को ही भारत से अलग दिखाया गया था जिस पर असम के मुख्यमंत्री ने सख्त ऐतराज जताया था।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इससे एक बात साफ हो गई है कि भारत को छिन्न-भिन्न करने का स्वप्न देखने वाली शक्तियों के साथ कांग्रेस की दुरभि संधि हो चुकी है और इस नापाक गठजोड़ की तस्वीर अब एकदम साफ हो गई है। उन्होंने कहा, अब हम कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहते हैं कि आपके द्वारा किए गए ट्वीट में एक नहीं, कई बार लगातार भारत के हिस्सों को काटकर क्यों दिखाया जा रहा है, ये सिर्फ संयोग है या भारत विरोधी साजिश का हिस्सा है? क्या सोरोस सीक्रेट सर्विस से कोई सिग्नल आ रहा है या कोई अन्य भारत विरोधी शक्ति आपको लगातार सात समुंदर पार से संकेत दे रही है? डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ नक्शों का मामला नहीं है। यह भारत की पहचान के लिए खतरा है। भारत हमेशा से भारत विरोधी ताकतों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज तकनीकी रूप से मुख्य विपक्षी दल बन गयी है और इस तरह से कांग्रेस की संविधान के प्रति वचनबद्धता है। संसद में आते समय भारत की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ से बंधी है। लेकिन कांग्रेस नेताओं को भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करने की शपथ का उल्लंघन करते देखना चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा प्रवक्ता ने पूछा कि बेलगावी में एकत्रीकरण में क्या कांग्रेस में भारत को तोड़ने के बारे में कोई मंथन हुआ है या भारत को छिन्न भिन्न करने का कोई प्रस्ताव पारित हुआ है या इस बारे में कोई समिति गठित हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे राजनाथ



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को यहां सशस्त्र सेना झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सम्मेलन के छठे संस्करण की अध्यक्षता करेंगे। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के तहत केंद्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याण के लिए उठाए गए उपायों पर प्रकाश डालना और इन प्रयासों के लिए वित्तीय सहायता जुटाना है। श्री सिंह झंडा दिवस कोष में प्रमुख रूप से योगदान देने वाले दानदाताओं को सम्मानित भी करेंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सचिव ईएसडब्ल्यू डॉ. नितेन चंद्रा, पूर्व सैनिक, रक्षा सेवा कर्मी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

## महत्वपूर्ण खबर



**जम्मू-कश्मीर के केबल-स्टेड अंजी खाद पुल पर ट्रायल रन हुआ पूरा, जनवरी से शुरू होगी रेलवे कनेक्टिविटी**

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित देश के पहले केबल-स्टेड रेल पुल अंजी खाद पुल पर टावर वैगन का ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। यह उपलब्धि जम्मू-कश्मीर में रेलवे कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके जनवरी 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रायल रन का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति पर प्रकाश डाला गया। रेल मंत्रालय के अनुसार, उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के एक प्रमुख घटक अंजी खाद पुल पर ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। पिछले महीने बनकर तैयार हुआ अंजी खाद पुल इंजीनियरिंग का एक चमत्कार है, जिसमें एक ही सपोर्ट टावर स्ट्रक्चर नदी तल से 331 मीटर ऊपर है।

### एकनाथ शिंदे ने पीएम मोदी और जेपी नड्डा से की मुलाकात

नई दिल्ली। शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को अपने बेटे श्रीकांत शिंदे और बहु के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान एकनाथ शिंदे ने प्रधानमंत्री को सम्मान में फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और शॉल भी ओढ़ाया। जिसे प्रधानमंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। इससे पहले एकनाथ शिंदे ने 22 जुलाई को अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह में एकनाथ शिंदे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुखातिब हुए थे। तब प्रधानमंत्री ने उन्हें डिप्टी सीएम बनने की बधाई भी दी थी।

**संबोधन** | **मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार को वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) का मुख्य आयोजन किया गया।**

# सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक, लड़ाने वालों से सावधान रहें : योगी

प्रात: किरण/ एजेंसी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए ना केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश और धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। एक तरफ इनका गौरवशाली इतिहास है तो दूसरी तरफ सुनते हैं कि काबुल में सिखों के दो, चार-दस परिवार ही बचे हैं। जब बांग्लादेश की घटना और पाकिस्तान के अंदर अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं के आदर्श हमें आगे बढ़ने की ऊर्जा देंगे। उनका आशीर्वाद हमारी प्रेरणा है। उस प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे, तब किसी ननकाना साहिब के लिए आंदोलन-संघर्ष की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वह हमें स्वतस्फूर्त भाव से प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार को वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) का मुख्य आयोजन किया गया। इस दौरान ऐतिहासिक समागम और 11,000 सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया।

**वे दुश्मन, जो इस कौम के पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश...**

सीएम ने कहा कि देश के इस जुझारू और समृद्ध कौम ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ और परिश्रम से मिसाल प्रस्तुत की है। कभी बड़ी संख्या में फौज में जाकर सिखों ने भारत की सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित किया, लेकिन वे कौन दुश्मन हैं, जो उनके परिश्रम और पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश कर रहे हैं। युवा पीढ़ी को ड्रग की चपेट में लाने का



कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। इन्हें पहचानने और उनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं, जो इन्हें लड़ाते हैं, उनसे बचना होगा। गुरु महाराज हमें मित्र-शत्रु पहचानने की ताकत दें।

**कोई महसूस नहीं कर सकता इनका दर्द...**

सीएम ने कहा कि 2019 में गुरुनानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री आवास पर शबद-कीर्तन कार्यक्रम हुआ था। उसके उपरांत 2020 से अनवरत वीर बाल दिवस का आयोजन मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। अब यह पूरे देश का आयोजन हो गया है। आज की तिथि पर गुरु गोबिंद सिंह के दो साहिबजादे (बाबा जोरावर सिंह-फतेह सिंह) वजीर खां के हाथों दीवार में चुने गए थे। चमकौर के युद्ध में दो बड़े साहिबजादे (बाबा अजीत सिंह-जुझार सिंह) शहादत को प्राप्त हुए। मां गुजरी इसे बहुत अधिक समय तक बर्दाश्त नहीं कर पाईं। इन लोगों पर उस समय क्या बीता होगा, यह दर्द कोई महसूस नहीं कर सकता, फिर भी एक ही लक्ष्य था कि देश और धर्म पर आंच नहीं आने देंगे। इसके लिए गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों ने शहादत देकर देश व धर्म की रक्षा की पक्की नींव खड़ी की। जिस पर न केवल आज भी सिख पंथ, बल्कि पूरा देश गौरव की अनुभूति करता है।

**सिख पंथ की शुरूआत ही देश और धर्म के लिए हुई थी**

सीएम ने कहा कि सिख पंथ की शुरूआत ही देश और धर्म के लिए हुए थी। गुरु नानक देव ने सबसे पहले बाबर के अत्याचार का विरोध किया था। लाहौर में गुरु अर्जुन देव का बलिदान जहांगीर के अत्याचार से बचाने के लिए था। गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश नहीं झुकने दिया, इसलिए आज कश्मीर भारत का हिस्सा और शीश बना हुआ है।

गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने अपनी आंखों के सामने अपने पुत्रों और पिता को बलिदान होते देखा। सीएम ने कहा कि गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंह महाराज, चार साहिबजादों से लेकर पंच प्यारों तक, सिख गुरुओं का इतिहास देश व धर्म के लिए शहादत का इतिहास है। यह केवल कौम का नहीं, देश का इतिहास है। यह भारतवासियों के लिए प्रेरणा है। जाति-पाति का भेदभाव समाप्त हो, इसके लिए गुरुनानक ने शबद-कीर्तन की प्रेरणा दी। मिल-बांटकर खाने के लिए जिस लंगर की शुरूआत की, उसका अनुसरण आज भी हर गुरुद्वारा कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी और उसकी सहेली से दुष्कर्म के आरोप में डांस टीचर गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी और उसकी सहेली से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने एक डांस क्लास चलाने वाले टीचर को गिरफ्तार कर लिया। दुष्कर्म के बाद किशोरी के गर्भवती होने पर उसे दवाई खिलाकर गर्भपात भी करा दिया गया। अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, 22 दिसंबर को एक व्यक्ति ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दी थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री कई दिनों से बीमार थी। पत्नी ने जब चिकित्सक को दिखाया। उसने अल्ट्रासाउंड करने के लिए कहा तो तब पूरी कहानी पता चल सकी। किशोरी ने जानकारी दी कि डांस क्लास चलाने वाले ने पांच माह पहले उससे दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बना ली। किसी को बताने पर जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद से कई बार उससे दुष्कर्म किया गया। कुछ समय बाद जब वह गर्भवती हुई तो दवाई खिला दी, जिससे गर्भपात हो गया। वहीं, एक महिला ने भी मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी डांस क्लास जाती थी। उस वक्त वह 16 साल की थी। तब डांस टीचर ने उससे कई बार शारीरिक संबंध बनाए। मना करने पर धमकी देते हुए मारपीट की। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। अब उसे भी पता चला कि उसकी सहेली से भी दुष्कर्म किया और गर्भपात करा दिया। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** विकासखंड के कांडी बाजार में एक दुकान में मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से पीड़ित व्यापारी को मुआवजा देने की मांग की है। निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विनोद डबराल ने बताया कि कांडी गांव निवासी सुमित नेगी का कांडी बाजार में परचून की दुकान है। मंगलवार सुबह उनकी दुकान के अंदर से राहगीरों ने धुंआ उड़ता देखा तो उन्होंने इसकी सूचना दुकान स्वामी को दी। जब तक दुकान स्वामी पहुंचा तब तक दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग से व्यापारी का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान में आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चला है। निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विनोद डबराल ने प्रशासन से पीड़ित व्यापारी को उचित मुआवजा देने की मांग की है। यमकेश्वर थाना प्रभारी जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।

### अटल जी की जयंती पर हरिद्वार में दौड़ी 'अटल मिनी मैराथन', विजेताओं ने मारी बाजी

**हरिद्वार, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर अटल मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ जिला खेल अकादमी द्वारा लक्सर रोड से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए लक्सर मार्ग पर समाप्त हुई।मैराथन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में पूर्व पार्षद शुभम मैंदोला का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने इस अवसर पर स्व. वाजपेयी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला और बच्चों को उनके कई प्रेरक संस्मरण सुनाए।मैराथन दौड़ के बालक और बालिका वर्ग में विभिन्न विजेताओं ने क्रमशः पदक प्राप्त किए। बालक वर्ग में आदित्य ने पहला, अजय सैनी ने दूसरा, आशु ने तीसरा, अंकुर ने चौथा और आशीष ने पांचवां स्थान प्राप्त किया।

# औली में उमड़े पर्यटकों ने मनाया क्रिसमस, होटल पैक



**ज्योतिर्मठ, एजेंसी।** बर्फबारी होने के बाद बुधवार को औली में क्रिसमस मनाने और नए साल के जश्न के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने लग गई है। जश्न के लिए दो जनवरी तक यहां के लगभग सभी होटल व रिजॉर्ट फुल हो गए हैं। 600 से अधिक पर्यटकों ने चेयर लिफ्ट से औली के नजारे देखे।

सोमवार देर रात को औली में अच्छी बर्फबारी हुई है जिसके बाद से पर्यटक औली पहुंचने लगे हैं। बुधवार सुबह चटख धूप खिलने पर कुछ पर्यटक बर्फ में स्कीइंग करते रहे तो कुछ बर्फ के गोले बनाकर एक दूसरे पर फेंकते हुए मौज मस्ती करते रहे। जीएमवीएन के चेयर लिफ्ट प्रभारी दीपक डिमरी ने बताया कि सुबह से पर्यटक चेयर लिफ्ट से औली को देखने के लिए लाइन में लगे रहे। बुधवार को 600 से अधिक पर्यटकों ने चेयर लिफ्ट से औली के नजारे देखे।

वहीं जीएमवीएन के रिजॉर्ट के साथ ही हट भी फुल हो गए हैं। जीएमवीएन औली के प्रबंधक प्रदीप शाह ने बताया कि औली में दो जनवरी तक होटल की बुकिंग फुल हो गई है।

**कोटद्वार और लैंसडौन में धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व, विशेष प्रार्थनाएं हुईः** नगर और आसपास के पर्वतीय क्षेत्र में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मैथोडिस्ट चर्च व गाड़ीघाट स्थित बिशप हाउस मंगलवार रात को प्रभु यीशु के जन्म के गीतों से गूंज उठे।

बुधवार सुबह को भी दोनों चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान पास्टर इंचार्ज पास्टर ऐली प्रिंस व बिशप विन्सेंट नेल्लाइपरंबिल ने यीशु के आगमन की शुभकामनाएं देते हुए संदेश सुनाया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस शांति का प्रतीक है। यीशु ने हम सब के लिए इसलिए परेशानियों का सामना किया, ताकि हम उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर विश्व में शांति का पैगाम दें।

कहा कि प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव का 2025वां वर्ष है। रोम के फादर फ्रांसिस के निर्देशानुसार इसे विशेष जुबली जन्मोत्सव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ति शमून कासमी, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी और निवर्तमान मेयर हेमलता नेगी ने ईसाई समुदाय के लोगों को क्रिसमस की बधाई दी।

मैथोडिस्ट चर्च में सहायक पास्टर इंचार्ज विकास कुमार, मीडिया प्रभारी राजन चार्ल्स, देवेंद्र कुमार नेथन, सचिव अरुण चार्ल्स, पैट्रिक विलयम, जगतपाल सिंह, अनिल खीमान समेत पास्टर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

बिशप हाउस में फादर जार्ज, फादर पीटर, फादर जेरिन, फादर बाबू जार्ज, फादर बिनू, फादर स्टीफन, फादर जिंस आदि मौजूद रहे। उधर, प्रोजेक्ट हेल्प इंडिया संस्था के जौनपुर स्थित कार्यालय में भी क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अमित सेमुएल व डेजी सेमुएल ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

छावनी नगर लैंसडौन में क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चर्च में प्रार्थना सभा हुई ओर घंटे बजाकर व केक काटकर प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया गया। सांता क्लॉज बने व्यक्ति ने बच्चों को गिफ्ट बांटे। इस मौके पर फादर सैजो ने प्रभु यीशु के प्रेम व मानवता के संदेश को बताया। कहा कि आपसी प्रेम की भावना से ही देश का विकास संभव है। उनके प्रेम व मानवता के संदेशों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान सभी संप्रदाय के लोगों ने प्रार्थना सभा में भाग लिया।

### प्रभारी प्रधानाचार्य की बहाली की मांग

**रामनगर, एजेंसी।** पीएमश्री जीआईसी रामनगर के प्रभारी प्रधानाचार्य तिलक जोशी के निलंबन की कार्रवाई पर राजकीय शिक्षक संघ में आक्रोश है। संघ से जुड़े शिक्षकों ने मंगलवार को बैठक कर प्रभारी प्रधानाचार्य के निलंबन को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए 72 घंटे के भीतर उनका निलंबन वापस नहीं लिए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। साथ ही हिंदू संगठन के नेता और उसके साथियों को सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के लिए गिरफ्तार करने की मांग की।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नंदराम आर्य, जिला मंत्री डिगर सिंह पडियार, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री डीएन भट्ट और उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष गोला और मिनिस्टीरियल फेडरेशन के बलवंत रावत ने आंदोलन को समर्थन दिया। वहां संगठन के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल, जीवनचंद पांडे, जनार्दन पांडे, मीना बिष्ट, कमला पाठक, भावना बिष्ट, ममता बलोदी आदि थे।

# प्रदेश में इस साल हुई 1594 दुर्घटनाएं, 13 में से केवल एक जिले में घटे हादसे

**देहरादून, एजेंसी।** राज्य में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ इस वर्ष नवंबर तक पांच प्रतिशत बढ़ गया है। दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में भी चार प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2023 में नवंबर माह तक 1520 सड़क दुर्घटनाएं हुई और इसमें 946 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी।

इस वर्ष नवंबर तक 1594 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और इसमें 983 व्यक्तियों की मौत हुई है। केवल नैनीताल जिला ही ऐसा है, जिसमें गत वर्ष नवंबर तक हुई सड़क दुर्घटनाओं के सापेक्ष 19 प्रतिशत दुर्घटना कम हुई हैं। उत्तरकाशी में यह संख्या गत वर्ष की भांति ही है। शेष सभी जिलों में यह आंकड़ा दो प्रतिशत से लेकर 47 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

राज्य में सड़क दुर्घटनाओं पर तमाम प्रयासों के बावजूद अभी तक रोक नहीं लग पाई है। स्थिति यह है कि हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो



इस वर्ष सबसे अधिक 470 सड़क दुर्घटनाएं देहरादून में हुई हैं। इनमें 185 व्यक्तियों की मौत हुई हैं। वहीं, हरिद्वार में 400 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 256 व्यक्तियों की मृत्यु हुई।

ऊधम सिंह नगर में 384 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं और इनमें 243 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। पर्वतीय क्षेत्रों में सबसे अधिक 50 सड़क दुर्घटनाएं टिहरी में हुईं और इनमें 34 व्यक्तियों ने जान गंवाई। सड़क दुर्घटना में पर्वतीय जिलों में सबसे अधिक 44 मृत्यु अल्मोड़ा में हुई हैं। यहां गत वर्ष केवल पांच व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। यह स्थिति तब है जब प्रदेश सरकार लगातार सड़क दुर्घटना रोकने के करोड़ों रुपये का बजट जारी कर रही है।

प्रदेश में गत चार नवंबर को अल्मोड़ा में बस दुर्घटना हुई थी। परिवहन मुख्यालय ने इसकी जांच के लिए मुख्यालय स्तर पर एक जांच समिति का गठन किया था। समिति ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण भी किया था। इस कार्य को हुए डेढ़ माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन यह रिपोर्ट अब तक तैयार नहीं हो पाई है।

### नशीली बीडी पिलाकर बाइक ले उड़ा अपराधी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** एक व्यक्ति को नशीली बीडी पिलाकर उसे बेहोश कर दिया गया और फिर अपराधी उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

मूल रूप से बहेड़ी के ग्राम पंडरी और हाल रजा कॉलोनी निवासी विजेंद्र पाल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि वह 12 अक्तूबर की सुबह अपनी बाइक से डाक्टर कॉलोनी में अस्पताल में दवाई लेने जा रहा था। डॉक्टर कॉलोनी से कुछ दूरी पर स्थित चौराहे पर वह किसी काम के लिए रुका था।इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे बातचीत शुरू कर दी। इस दौरान उसको बीडी पीने के लिए दी थी। बीडी पीने के बाद वह बेहोश हो गया और बदमाश उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। उसे शाम को छह बजे होश आया और उसने घर आकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू कर दी।

### अशोका लेलैंड से 15 लाख का सामान चोरी

**पंतनगर, एजेंसी।** सिडकुल की अशोका लेलैंड कंपनी में सामान चोरी करते हुए तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों सुमित कुमार, बलकार सिंह और सूरजपाल शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

भूरारानी रुद्रपुर निवासी प्रियरंजन कुमार सिंह ने दी तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर अशोका लेलैंड लिमिटेड के स्टोर के बाहर उन्होंने सुरक्षाकर्मियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने खेड़ा रुद्रपुर निवासी सूरज पाल शर्मा और सुमित कुमार को सामान के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में इन्होंने लखीमपुर खीरी निवासी चालक बलकार सिंह के साथ मिलकर चोरी करने की बात स्वीकार की।

### मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी को जयंती पर किया याद

**हल्द्वानी, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मुखानी के शक्ति केंद्र जज फार्म के अंतर्गत बूथ संख्या 125 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता एवं विद्वान स्व. महामना मदन मोहन मालवीय तथा भारतीय राजनीति के महानायक, कवि और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मंडल कार्यकारिणी सदस्य विशंभर कांडपाल ने दोनों महापुरुषों की जीवनी और उनके राष्ट्र के प्रति किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्व. मालवीय जी ने भारतीय शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया, वहीं अटल जी ने भारतीय राजनीति और देश की समृद्धि के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित की।शक्ति केंद्र संयोजक नारायण सिंह किरौला ने अटल बिहारी वाजपेई जी को आदर्श नेता के रूप में याद करते हुए कहा कि अटल जी ने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के दिलों में अपनी जगह बनाई। गोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और दोनों महापुरुषों के योगदान को सराहा। अंत में सभी ने मिलकर स्व. मदन मोहन मालवीय और स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की और फलों का वितरण किया।



# धारचूला-मुनस्यारी में बर्फबारी, जल स्रोत जमने से बढ़ी मुश्किलें, कड़ाके की ठंड से बढ़ी ठिठुरन

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** व्यास घाटी में बर्फबारी के बाद यहां तैनात एसएसबी के जवान सीमा सुरक्षा में डटे हैं। 10,500 फुट ऊंचाई पर माइनस 19 डिग्री तापमान में भी सैनिकों का हौसला कम नहीं हुआ है।

पिथौरागढ़ जिले में मौसम ने फिर से करवट बदली है। जिले के विभिन्न हिस्सों में बारिश और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम का दूसरा हिमपात हुआ। ऐसे में चोटियां बर्फ से लकदक हो गईं। बारिश और बर्फबारी से तापमान गिरा तो पूरे जिले में कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल हैं। चीन सीमा से सटे मुनस्यारी के मिलम, बुगड़ियार जबकि धारचूला के दारमा, व्यास घाटियों में छह इंच से एक फुट बर्फ गिरने से जल स्रोत पूरी तरह जम गए हैं इससे यहां पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में यहां



के लोगों और सीमा पर डटे सैनिक बर्फ पिघलाकर पानी की जरूरत को पूरा कर रहे हैं।

सीमांत जिले में बीते सोमवार देर शाम मौसम का मिजाज बदल गया। धारचूला और मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हुई जो दूसरे दिन भी जारी रही। मुनस्यारी के कालामुनी, बलाती में एक से दो इंच, मिलम, बुगडियार में तीन से छह इंच जबकि धारचूला के दारमा और व्यास घाटी में छह इंच से एक फुट बर्फ गिरी। वहीं मंगलवार सुबह जिला मुख्यालय सहित मुनस्यारी, धारचूला, कनालीछीना, नैनीपातल आदि हिस्सों में हल्की बारिश हुई। निचले इलाकों में बारिश और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद तापमान गिरने से पूरे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और शीतलहर का प्रकोप जारी है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव, ब्लोवर, हीटर और गर्म कपड़ों का सहारा लेने के लिए मजबूर हैं।

दारमा, व्यास घाटी के साथ ही मिलम, बुगडियार में बर्फबारी के बाद तापमान माइनस पांच से माइनस 19 पहुंच गया है इससे जल स्रोत पूरी तरह जम गए हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में लोगों और सीमा पर डटे सैनिकों के सामने जल संकट पैदा हो गया है।

# रानीखेत से भेजी गई रोडवेज की बसें, अतिरिक्त देना पड़ा किराया

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** क्वारब में हुए भूस्खलन तथा सड़क धंस जाने की वजह से पूरे कुमाऊं का यातायात दिनभर प्रभावित हुआ। रोडवेज की अल्मोड़ा से चलने वाली सभी बसों को रानीखेत से होकर भेजा गया। इस दौरान अतिरिक्त दूरी तय करने के कारण यात्रियों को एक सौ रुपया किराया ज्यादा देना पड़ा। सोमवार की रात्रि में एक ट्रक के मलबे में फंस जाने से क्वारब में सड़क धंस गई है जिस वजह से सभी भारी वाहनों की आवाजाही यहां से बंद कर दी गई है।

अल्मोड़ा के केंद्र प्रबंधक के रोडवेज केंद्र प्रभारी विजय तिवारी ने बताया कि मंगलवार को अल्मोड़ा से चलने वाली रोडवेज की सभी बसों का संचालन किया गया लेकिन क्वारब में यातायात का संचालन बंद होने की वजह से सभी बसों को रानीखेत की तरफ से भे देना पड़ा। क्वारब पर अभी कई दिन तक ऐसे ही स्थिति रहने वाली है जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।




### दिल्ली से पहुंचे विमान की नैनीसैनी में नहीं हुई लैंडिंग, वापस लौटे यात्री

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** दिल्ली से 41 यात्रियों को लेकर पिथौरागढ़ पहुंचे विमान को मौसम का साथ नहीं मिला। रनवे गीला होने से विमान की लैंडिंग नहीं हो सकी और यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के बाद भी वापस दिल्ली लौटना पड़ा।

मंगलवार को सीमांत जिले में हुई बारिश ने दिल्ली से आसान सफर की उम्मीद में विमान से पिथौरागढ़ आने और यहां से लौटने वाले यात्रियों की दिक्कत बढ़ाई। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को विमान दिल्ली से 41 यात्रियों को लेकर नैनीसैनी एयरपोर्ट पहुंचा। रनवे गीला होने से सुरक्षा की दृष्टि से पायलट ने विमान की लैंडिंग कराने से हाथ पीछे खींच लिए। विमान गंतव्य तक पहुंचने के बाद भी यात्रियों को लेकर वापस दिल्ली लौट गया। वहीं नैनीसैनी एयरपोर्ट पर 26 यात्री दिल्ली जाने के लिए सुबह से ही विमान का इंतजार कर रहे थे। विमान बगैर लैंडिंग के वापस लौट गया। ऐसे में यात्रियों को निराश होकर घर लौटना पड़ा।

### शहरी विकास मंत्री ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी व वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**ऋषिकेश, एजेंसी।** शहरी विकास मंत्री एवं स्थानीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने दोनों महापुरुषों की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।श्रद्धांजलि समारोह में मंत्री डॉ. अग्रवाल ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक कुशल प्रशासक और महान वक्ता थे, बल्कि समाज के हर वर्ग द्वारा सम्मानित किए गए जन नेता थे। उन्होंने बताया कि अटल जी के नेतृत्व में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ और उत्तराखंड राज्य के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि अटल जी का राष्ट्रहित हमेशा सर्वोपरी था और उनका योगदान भारतीय राजनीति में अमिट रहेगा।वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को याद करते हुए मंत्री ने कहा कि उन्हें पेशावर कांड का महानायक माना जाता है। उन्होंने अपनी देशभक्ति और साहस से निहत्थी जनता पर गोली चलाने के आदेश को न मानकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ दिया। पेशावर कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक घटनाक्रम था।

# 'महिला सम्मान योजना' को लेकर भाजपा की महिला मोर्चा ने केजरीवाल के आवास के पास किया प्रदर्शन

प्रात : किरण/ एजेंसी





नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के महिला मोर्चा की नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को यहां आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के आवास के निकट प्रदर्शन किया और उन पर महिला सम्मान योजना के नाम पर दिल्ली की महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया। भाजपा ने दावा किया कि पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भी आप ने इसी तरह की योजना की घोषणा की थी, लेकिन पार्टी के 2022 के वादे के मुताबिक, वहां की महिलाओं को अब तक 1,100 रुपये प्रति माह नहीं मिले हैं। दिल्ली सरकार ने 2024-25 के बजट में 1,000 रुपये मासिक भुगतान वाली मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। केजरीवाल ने कहा कि अगर आप दिल्ली में सत्ता में बनी रहती है तो यह राशि बढ़ाकर 2,100 रुपये कर दी जाएगी। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने अशोक रोड से केजरीवाल के 5, फिरोजशाह रोड स्थित आवास तक मार्च निकाला, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। कुछ महिला प्रदर्शनकारी अवरोधक पर चढ़ गईं और केजरीवाल तथा आप के खिलाफ नारे लगाए। पांडे ने कहा कि पंजाब चुनाव से पहले भी आप ने इसी तरह की योजना की घोषणा की थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद पार्टी पंजाब की महिलाओं को 1,100 रुपये प्रति माह देने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही। उन्होंने कहा कि आप मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर फिर से दिल्ली की महिलाओं को धोखा दे रही है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के जैतपुर इलाके में निजी बस में आग लगी, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके में एक शादी समारोह के लिए किराए पर ली गई एक निजी बस में आग लग गई। अधिकारियों के अनुसार, घटना के समय बस में कोई नहीं था और इंजन से धुआं निकलते देख चालक तुरंत वाहन से बाहर निकल गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा, आज सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर स्कूल चौक से बस में आग लगने की सूचना मिली और दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि एक घंटे के भीतर आग बुझा दी गई। पुलिस ने शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का संदेह जताया है।

### अदालत ने मानहानि की शिकायत पर आप नेता सौरभ भारद्वाज को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली, । दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने 23 दिसंबर को पारित आदेश में भारद्वाज को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें सूरजमल चौहान द्वारा दायर शिकायत के आधार पर नौ जनवरी, 2025 तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है। अपनी शिकायत में चौहान ने आरोप लगाया कि भारद्वाज ने 2018 में प्रेस वार्ता में झूठा दावा करके उन्हें बदनाम किया था कि उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। न्यायाधीश ने शिकायतकर्ता को उसी मुद्दे पर पहले की शिकायत की प्रतिलिपि दाखिल करने का अंतिम अवसर भी दिया, जिसे एक अन्य अदालत ने खारिज कर दिया था।

### पश्चिमी जिला में पुलिस ले रही मित्रवत की मदद



नई दिल्ली। लोगों को पुलिस के साथ बेहतर तालमेल बनाने, आपसी सामंजस्य को बरकरार रखने और समय-समय पर उनमें से चुने हुए लोगों से मदद लेने के अभियान की शुरूआत वेस्ट दिल्ली पुलिस ने की है। जिसका नाम मित्रवत रखा है। इनका इस्तेमाल पश्चिमी जिला की कम्युनिटी पुलिसिंग की टीम और थाना के द्वारा बीट स्टाफ के साथ मिलकर जॉइंट पेट्रोलिंग और चेकिंग के दौरान भी किया जा रहा है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि विशेष कर जहां पर है फुटफॉल ज्यादा है। पार्क, मार्केट इत्यादि जगहों पर इनका डेप्लॉयमेंट किया जाता है। जैसे क्रिसमस के अवसर पर भी उनकी मदद ली गई। पश्चिमी जिला के 12 थानों में अभी 51 मित्रवत का डेप्लॉयमेंट किया गया है। दिल्ली पुलिस के द्वारा शुरू किए गए पुलिस मित्र स्कीम के तहत ही मित्रवत की शुरूआत पश्चिमी जिला में की गई है। इसका उद्देश्य क्राइम प्रीवेंटिव एंड लो एब्स आर्डर मेंटेनेंस करने के दौरान उनका सहयोग लेना। फेस्टिवल के दौरान मार्केट में पुलिस पिकेट पर भी इनका योगदान लिया जा रहा है। इनकी पहचान के लिए पुलिस की तरफ से आइडेंटी कार्ड और कैप भी दिया गया है। जिससे कि दूर से इनकी पहचान हो सके।

### अपने को बचाने फेयरवेल सेलिब्रेशन तक अटेंड नहीं किया

नई दिल्ली। द्वारका साउथ थाना की पुलिस टीम ने एक मामले में भगोड़ा चल रहे एक वांटेड को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान श्याम नारायण के रूप में हुई है, यह बिहार के सिवान का रहने वाला है। इसके ऊपर द्वारका साउथ थाना में मामला दर्ज था। उस मामले में कोर्ट ने इसे फरार घोषित कर दिया था। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि यह चाणक्यपुरी स्थित कौशल भवन में टळर के रूप में काम करता था और वहां से यह रिटायर हुआ है। लेकिन रिटायरमेंट सेलिब्रेशन तक में शामिल नहीं हुआ था। पुलिस को अनुसार इस आरोपी के बारे में हेड कांस्टेबल प्रवीण यादव को एक इनफार्मेशन मिली थी।

# आप ने कांग्रेस पर दिल्ली में भाजपा के साथ मिली भगत का लगाया आरोप

**आप के नेताओं ने गुरुवार को कहा कि वे कांग्रेस को अखिल भारतीय विपक्षी गठबंधन इंडिया से बाहर करने की मांग उठाने पर भी विचार कर रहे हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन कहा है कि कांग्रेस ने दिल्ली में आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल का पूर्व में साथ देकर गलती की, जिसका खामयाजा पार्टी को अब तक भुगतना पड़ रहा है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी




नई दिल्ली। दिल्ली में कांग्रेस नेताओं के कुछ बयानों से भड़की आम आदमी पार्टी (आप) कांग्रेस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के साथ साठगांठ करने पर आरोप लगाते हुये कांग्रेस नेता अजय माकन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आप के नेताओं ने गुरुवार को कहा कि वे कांग्रेस को अखिल भारतीय विपक्षी गठबंधन इंडिया से बाहर करने की मांग उठाने पर भी विचार कर रहे हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन कहा है कि कांग्रेस ने दिल्ली में आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल का पूर्व में साथ देकर गलती की, जिसका खामयाजा पार्टी को अब तक भुगतना पड़ रहा है। आप नेता संजय सिंह ने यहां मुख्यमंत्री आतिशी के साथ एक संवाददाता सम्मलेन में कहा, कांग्रेस नेता अजय माकन भाजपा द्वारा भेजी गयी स्क्रिप्ट पढ़ते हैं और आप के नेताओं पर निशाना साधते हैं। श्री सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल जी ने दिल्लीवालों के लिए बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा का इंतजाम किया, लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल जी को देशद्रोही कहा। आप नेता सिंह ने कांग्रेस से श्री माकन पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है तथा कहा है कि यदि कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो वह इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को अलग करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने सारी हदें पार कर दी हैं।

कांग्रेस आलाकमान 24 घंटे में अजय माकन पर एक्शन ले, वरना हम कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से अलग करने की मांग करेंगे। सुश्री आतिशी ने भी कांग्रेस पर भाजपा के साथ की साठगांठ करने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची कांग्रेस के कार्यालय में नहीं, बल्कि भाजपा के कार्यालय में बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग केजरीवाल पर तो देशद्रोह का आरोप मढ़ रहे है पर, कांग्रेस ने आज तक भाजपा के किसी भी नेता पर देशद्रोह का आरोप नहीं लगाया।

कांग्रेस नेताओं ने मेरे और केजरीवाल जी के खिलाफ प्राथमिकी कराई, लेकिन भाजपा के खिलाफ आज तक कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने कहा, दिल्ली चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की फंडिंग भाजपा द्वारा की जा रही है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के आलाकमान से अजय माकन और आप के खिलाफ खुला बयान देने वाले दिल्ली के युवा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गौरतलब है कि आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के कोषाध्यक्ष एवं दिल्ली के प्रमुख कांग्रेसी नेता ने बुधवार को कहा था कि अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी के साथ दिल्ली में गठबंधन करना गलती थी और इससे राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस की यह हालत हुयी। उन्होंने कांग्रेस के एक कार्यक्रम में कहा, मुझे लगता है कि दिल्ली में कांग्रेस केवल इस लिए कमजोर हुई क्योंकि उसने 2013 में (केजरीवाल की पहली सरकार में) आप का 40 दिन साथ दिया। आज भी दिल्ली में कांग्रेस की दुर्दशा का यह सबसे बड़ा कारण है।

उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी आप के साथ गठबंधन कांग्रेस की एक और गलती रही। पिछले लोक सभा चुनाव में कांग्रेस और आप को भाजपा के आगे दिल्ली में सात में से एक भी सीट नहीं मिली। दिल्ली कांग्रेस का कल का कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी में आप सरकार और केंद्र में भाजपा सरकार के चलते दिल्ली में राजकाज और बुनियादी सुविधाओं में गिरावट पर एक श्वेत-पत्र जारी करने के लिये आयोजित किया गया था। कांग्रेस का दिल्ली विधानसभा में पिछले दो चुनाव में खाता तक नहीं खुला। विधानसभा के चुनाव नये साल में कराये जायेंगे।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने डाबर की याचिका पर पतंजलि से जवाब मांगा

प्रात : किरण/ एजेंसी




नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने विज्ञापनों में डाबर के उत्पाद च्यवनप्राश को कथित रूप से बदनाम करने को लेकर दायर मामले पर पतंजलि आयुर्वेद से अपना रुख बताने को कहा है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने 24 दिसंबर को प्रतिवादियों (पतंजलि आयुर्वेद और पतंजलि फूड्स लिमिटेड) को समन जारी कर मामले में जवाब देने को कहा। आदेश में कहा गया है, शिकायत को मुकदमे के रूप में पंजीकृत किया जाए। समन जारी किया जाए। प्रतिवादी आज से 30 दिन के भीतर लिखित बयान दाखिल करें। डाबर ने आरोप लगाया कि ह्यपतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश को बढ़ावा देते समय झूठे और जानबूझकर आरोप लगाए गए जिससे उसके उत्पाद डाबर च्यवनप्राश की बदनामी हुई। डाबर च्यवनप्राश 60 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी के साथ इस बाजार में अग्रणी है। अदालत ने अंतरिम राहत का अनुरोध करने वाली एक याचिका पर नोटिस भी जारी किया और सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख तय की। याचिका में कहा गया है कि विज्ञापनों में प्रतिवादियों ने दावा किया है कि केवल पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश ही असली है, इसलिए यह विशेष है और यह श्रेष्ठम/सर्वश्रेष्ठ च्यवनप्राश है, जो चरक, सुश्रुत, धन्वंतरि, च्यवन ऋषि द्वारा बताई विधि के अनुसार बनाया गया है और अन्य च्यवनप्राश निमार्ताओं को इस संबंध में कोई ज्ञान नहीं है और इसलिए वे साधारण हैं।

अभियोग में कहा गया है, प्रतिवादियों ने टीवीसी और प्रिंट विज्ञापन में बेशर्मी भरा यह दावा किया है कि प्रतिवादियों द्वारा प्रयुक्त आयुर्वेदिक पुस्तक ही च्यवनप्राश बनाने की मूल विधि या सूत्र है, जिससे डीएंडसी (औषधि और प्रसाधन सामग्री) अधिनियम की पहली अनुसूची में शामिल अन्य आयुर्वेदिक पुस्तकों को बेतुकी करार दिया गया है। याचिका में प्रतिवादियों पर च्यवनप्राश डाबर च्यवनप्राशसमेत वादी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाले विज्ञापनों का टेलीविजन या किसी अन्य तरीके से प्रसारण करने पर स्थायी रूप से रोक लगाए जाने का अनुरोध किया गया है।

# दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 2024 में 114 दुर्दांत अपराधियों को पकड़ा

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 2024 में कुल 114 दुर्दांत अपराधियों को गिरफ्तार किया जिनमें 40 पैरोल का उल्लंघन करने वाले और 40 वांछित अपराधी शामिल हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अन्य अपराधियों में 18 अंतरिम जमानत का उल्लंघन करने वाले, नौ घोषित अपराधी, चार इनामी अपराधी और तीन गैर-जमानती वारंट का उल्लंघन करने वाले हैं। अपराध शाखा दिल्ली पुलिस की एक समर्पित इकाई है, जो दुर्दांत अपराधियों को पकड़ने और पुलिस थानों में दर्ज जटिल मामलों को सुलझाने पर केंद्रित है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बुधवार को कहा, पिछले एक साल में अथक प्रयास करते हुए अपराध शाखा ने उन्नत तकनीकी उपकरणों और पारंपरिक खुफिया तरीकों की मदद से एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया।

उन्होंने बताया कि तकनीकी निगरानी, सीडीआर और आईपीडीआर विश्लेषण और मुखबिर नेटवर्क के इस्तेमाल से विभिन्न समर्पित दलों ने उन अपराधियों का पता लगाया और उन्हें पकड़ा, जो सालों से फरार थे। श्रीवास्तव ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से छह अपराधी 10 साल से अधिक समय से फरार थे, तीन अपराधी आठ साल से पकड़े नहीं जा रहे थे, पांच अपराधी पांच साल से फरार थे और 14 अपराधी ऐसे हैं जो एक से तीन साल से फरार थे। इसके अलावा, 60 लोगों को उनके फरार होने के एक साल के भीतर गिरफ्तार किया गया।

# केजरीवाल से मिलने पहुंचे दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमामों और मोअज्जिन को पुलिस ने रोका

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े इमाम और मोअज्जिन 17 महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज हो कर आज दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के 5 फिरोजशाह रोड स्थित सरकारी आवास पर पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें उनके घर से दूर ही रोक लिया। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी के नेतृत्व में इमामों को केजरीवाल से मिले बगैर खाली हाथ लौटना पड़ा। बाद में केजरीवाल के आवास से 28 दिसंबर को मिलने का समय दिए जाने के बाद इमाम वहां से वापस चले गए। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना साजिद रसीदी ने बताया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड जो कि दिल्ली सरकार के अधीन आता है, उसकी मस्जिदों में तैनात 240 के करीब इमाम और मोअज्जिन को पिछले 17 महीने से वेतन नहीं मिल पा रहा है। बार-बार सरकार से अनुरोध करने के बावजूद इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। इसलिए आज वह केजरीवाल से मिलने उनके आवास आए थे लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि हमें परसों 28 दिसंबर को शाम 5 बजे का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि वेतन नहीं मिलने की वजह से इमामों की दयनीय स्थिति हो गई है। हम सभी लोग उधार मांग कर अपना गुजर बसर कर रहे हैं। बच्चों की स्कूल की फीस आदि भी समय पर अदा नहीं कर पा रहे हैं। इमान को 18000 रुपया प्रतिमाह और मोअज्जिन को 16000 रुपया प्रतिमाह वक्फ बोर्ड के जरिए दिया जाता है। अगर परसों केजरीवाल से मुलाकात के बाद हमारी समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह केजरीवाल के घर के बाहर धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

# चोर चोर का शोर सुनकर पहुंची पुलिस, देखकर रह गए दंग

प्रात : किरण/ संवाददाता



किशनगढ़। थाना की पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास चोरी का गैस सिलेंडर बरामद किया गया है। जो यह दोनों चुराकर भाग रहे थे। लेकिन रंगे हाथों इन्हें पकड़ा गया। इनकी पहचान सूरज और सागर के रूप में हुई है। यह दोनों आरके पुरम इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी साउथ वेस्ट सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम पेट्रोलिंग कर रही थी। मुनिरका इलाके में इस दौरान चोर चोर की आवाज सुनाई पड़ी। पुलिस टीम वहां पहुंची तो पता चला कि दो लोग सिलेंडर चोरी करके भाग रहे हैं। पुलिस कर्मियों को पीड़ित ने बताया कि वे मुनिरका फ्लाई ओवर की तरफ भागे हैं। हेड कांस्टेबल प्रवीण और कांस्टेबल सुभाष उसी तरफ भागे और इन दोनों आरोपियों को चेज करके रंगे हाथ दबोच लिया। उनकी पहचान की गई और उनसे चोरी का गैस सिलेंडर को पुलिस ने बरामद कर लिया। पीड़ित शिव राणा ने बताया की वह गैस सिलेंडर डिलीवरी का काम करता था। उसने पुलिस को बताया कि जब वह मुनिरका गांव के बारात घर के पास पहुंचा तो उसके पास पांच गैस सिलेंडर मौजूद थे। वह एक गैस सिलेंडर घर में डिलीवरी करने गया था। जब वापस आया तो देखा कि दो लोग उसकी साइकिल से एक सिलेंडर चोरी करके भाग रहे हैं।

# स्वर्ग आश्रम रोड से जा रहा था डीडीयू अस्पताल

प्रात : किरण/ संवाददाता




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

नई दिल्ली। हरी नगर पुलिस ने एक ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई है। इसकी गिरफ्तारी से दो मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तेज प्रकाश उर्फ फूलन के रूप में हुई है। यह पहले से ऑटो लिफ्टिंग और चोरी के आठ मामलों में शामिल रहा है। यह पश्चिमी दिल्ली के पीली कोठी इलाके का रहने वाला है। बरामद स्कूटी और मोटरसाइकिल हरी नगर और उत्तम नगर इलाके से चुराई गई थी। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एसीपी राजौरी गार्डन की देखरेख में एसएचओ हरि नगर, चौकी इंचार्ज मुकेश यादव, हेड कांस्टेबल श्रीकृष्ण, सोमवीर और कांस्टेबल मनोज की टीम ने रात के समय पेट्रोलिंग के दौरान स्वर्ग आश्रम रोड पर इस आरोपी को पकड़ा था। जब यह डीडीयू अस्पताल की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहा था। शक होने पर पुलिस टीम ने जब इसे रुकने के लिए इशारा किया। तो उसने मोटरसाइकिल यू टर्न लिया और भागने की कोशिश की, लेकिन पकड़ा गया जीप नेट से जांच में पता चला वह मोटरसाइकिल हरी नगर इलाके से चुराई गई थी। फिर इसकी निशानदेही पर उत्तम नगर थाना इलाके से चुराई गई स्कूटी भी बरामद की गई। जांच में पता चला यह पहले से आठ मामलों में शामिल रहा है।

# क्रिसमस पर उमड़ी मॉल में लोगों की भीड़

प्रातः किरण/ संवाददाता, नई दिल्ली। साल के आखिरी और बड़े त्योहार क्रिसमस को किस तरह से सेलिब्रेट किया इसका अंदाजा सड़कों पर लगी गाड़ियों की रात 12 बजे तक लगी लंबी कतार देखकर ही लगा। बुधवार को सबसे ज्यादा भीड़ मॉल पर रही, ऐसी भीड़ की बिना एक दूसरे के चिपके निकलना मुश्किल था। यह हाल दिल्ली के हर मॉल पर तकरीबन नजर आ रही थी। खासकर द्वारका के वेगास मॉल, पेसिफिक मॉल, जनकपुरी और सुभाष नगर सहित राजौरी गार्डन में भी देखने को मिला। सुभाष नगर के पेसिफिक मॉल पर तो दोपहर से ही तिलक नगर की पुलिस टीम यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाने में रात के समय तक जुटी रही। सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस के जवानों के अलावा BSF ( बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ) के हथियार बंद जवानों की भी तैनाती रही। पुलिस के साथ साथ पुलिस मित्र के वालंटियर की भी अलग से तैनाती की गई। डीसीपी विचित्र वीर एसीपी तिलक नगर सुरेंद्र सिंह राठी, एसएचओ विनीत पांडे के साथ सिक्योरिटी इंतजाम का जायजा लेते नजर आए।

## राजनीति

**- इन लोगों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अब ये स्वस्थ रहने के लिए आम लोगों को ट्रेनिंग और प्रेरणा दे रहे हैं : केजरीवाल**

# रोहित दलाल, अक्षय दिलवारी और तिलक राज समेत दर्जनों बॉडी बिल्डर्स आम आदमी पार्टी में शामिल

प्रात : किरण/ एजेंसी




नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी का परिवार और मजबूत हो गया है। गुरुवार को खेल और फिटनेस जगत में सराहनीय कार्य करने वाले रोहित दलाल, अक्षय दिलवारी और तिलक राज समेत 70-80 बॉडी बिल्डर्स और रेसलर्स आम आदमी पार्टी में शामिल में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में उन्हें पटका और टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अब ये स्वस्थ रहने के लिए आम लोगों को ट्रेनिंग और प्रेरणा दे रहे हैं। इनके आने से आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी। दिल्ली में सरकार बनने के बाद हम स्पोर्ट्स, रेसलिंग और जिम एसोसिएशन के मसलों के समाधान पर काम करेंगे। पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे आज बेहद खुशी है कि रोहित दलाल, अक्षय दिलवारी और तिलक राज और इनके साथ लगभग 70-80 बॉडीबिल्डर्स और रेसलर्स आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। हम सब लोगों का स्वस्थ्य रहना बहुत जरूरी है। शरीर है तो जहान है। अगर स्वास्थ्य नहीं होगा तो सब चीजें बेईमानी हो जाती हैं। रोहित दलाल, अक्षय दिलवारी और तिलक राज ने रेसलिंग व अन्य खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। आज ये लोग कई बच्चों और युवाओं को ट्रेनिंग देते हैं। और आम लोगों को भी स्वस्थ रहने के लिए अलग-अलग तरीके से ट्रेनिंग और प्रेरणा देते हैं। ये लोग जिम मालिकों के साथ भी एसोसिएटेड हैं। रोहित दलाल खुद एक जिम सीरीज के मालिक हैं। आने वाले दिनों में दिल्ली के कई जिम मालिक आम आदमी पार्टी जॉइन करने जा रहे हैं। इससे एक तरफ आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी और चुनाव में भी पार्टी को मजबूती मिलेगी। क्योंकि जिम ओनर्स जब पार्टी जॉइन करेंगे तो जिम में जितने लोग एक्सरसाइज करने आते हैं , उन लोगों तक हमारी बात पहुंचेगी। सरकार बनने के बाद स्पोर्ट्स, रेसलिंग और जिम असोसिएशन के जितने भी मसले हैं, उनका समाधान करने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार कार्यरत रहेगी। मैं सभी लोगों का आम आदमी पार्टी में स्वागत करता हूं।

आप वरिष्ठ नेता व दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि इन्होंने इच्छा जाहिर की थी कि हम सब लोग खेल, खिलाड़ी और युवा साथी आम आदमी पार्टी के कार्यक्रमों और अरविंद केजरीवाल से प्रभावित होकर हम आम आदमी पार्टी जॉइन करना चाहते हैं। इसके लिए 10-15 दिन से बातचीत चल रही थी। आज वह दिन आ गया है कि ये जॉइन कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि रोहित दलाल आम आदमी पार्टी की ईमानदारी, पार्टी का गरीबों की तरफ ध्यान, उनकी समस्याओं को सुनने और अरविंद केजरीवाल से प्रभावित होकर पार्टी जॉइन कर रहे हैं। मैं उनकी जॉइनिंग पर उन्हें बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। दिल्ली में जितने भी जिम से जुड़े लोग हैं, वहां इन सब का प्रभाव है। सब लोग पार्टी से जुड़ेंगे और पार्टी को बहुत बड़ा लाभ होगा।

इस मौके पर तिलकराज ने कहा कि अभी तक खेल बिरादरी के बारे में किसी भी सरकार ने स्पष्ट तौर पर नहीं सोचा। हमारी बहुत दिन से यह ख्वाहिश थी कि हम और हमारी टीम सरकार में जुड़ें ताकि कल को खिलाड़ियों के लिए जो भी सुविधाएं हैं, उन्हें हम मांग सकें। हमारे साथ दिल्ली के अंदर बहुत सारे स्पोर्ट्स मैन हैं, जिम के लोग हैं, जो हमारे साथ जुड़े हैं। आने वाले वक्त में हम मेहनत करके आम आदमी पार्टी को और मजबूत करेंगे। रोहित दलाल ने कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल और रामनिवास गोयल का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं जिन्होंने हमें इस काबिल समझा कि हम पार्टी जॉइन कर सकें। पार्टी जॉइन करने का मुद्दा था कि खेल बिरादरी या दिल्ली के जिम के लिए जो कुछ भी सुविधाएं हैं, उन्हें अमल में लाया जाए। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में फ्री योगा क्लासेस चला रखी हैं और जिम स्टेडियमों का निर्माण करा है, उनको भी हम साथ मिलकर और अच्छा करेंगे। अक्षय दिलवारी ने कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल और रामनिवास गोयल का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे इस काबिल समझा कि मैं इस पार्टी में आकर अपनी सेवा प्रदान कर सकूं। अब हम ग्राउंड लेवल पर रहकर हमारे क्षेत्र के जितने भी युवा साथी हैं, उन सबको आम आदमी पार्टी से जोड़ेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रेटर नोएडा में अस्पताल के बाहर बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में बृहस्पतिवार को सुबह एक निजी अस्पताल के बाहर बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लगने से मरीजों के बीच अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बिसरख पुलिस थाना क्षेत्र में इटेड़ा गांव में स्वास्थ्यम अस्पताल के बाहर की है जहां बिजली के एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने कहा, आग लगने की सूचना सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर मिली जिसके बाद दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि तत्काल ही आग पर काबू पा लिया गया। चौबे ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन ट्रांसफार्मर के नीचे खड़ी एक मोटरसाइकिल जलकर खाक हो गई।

### फार्म हाउस पर क्रिसमस पार्टी में बिना लाइसेंस शराब परोसने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के एक फार्म हाउस पर आयोजित की गई क्रिसमस पार्टी में बिना लाइसेंस शराब परोसने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आबकारी निरीक्षक शिखा ठाकुर की टीम ने बुधवार रात सेक्टर-135 स्थित सिद्दीकी फार्म हाउस पर छापेमारी की। उन्होंने कहा, पता चला कि वहां दूसरे राज्य के लेबल की शराब परोसी जा रही थी और शराब परोसने का लाइसेंस भी नहीं था। मौके से शराब की दिल्ली के लेबल वाली 20 बोतलें बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि प्रसांगिक धाराओं में मामला दर्ज कर रामनरेश, ललित शर्मा, मनोज कुमार, राजकुमार और कल्पना शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमे में फार्म हाउस के मालिक जलालुद्दीन को भी नामजद किया गया है।

### कुंवारे लड़कों की शादी कराकर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पदार्फाश करने का दावा किया है, जिसके सदस्य कुंवारे पुरुषों को अपने जाल में फंसाकर उनकी शादी कराते हैं और फिर कीमती सामान लेकर फरार हो जाते हैं। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (द्वितीय जोन) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को चार लोगों मालती, संतोष, अमीर और प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। अवस्थी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग कुंवारे लड़कों को अपना शिकार बनाते हैं और गिरोह की लड़की को दुल्हन बताकर रिश्ता तय करते हैं। उन्होंने कहा कि शादी होने के बाद लड़की ससुराल जाती है और मौका पाते ही ससुराल से कीमती गहने व नगदी लेकर फरार हो जाती है। अवस्थी ने कहा कि बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपियों में से कोई लड़की की मां, कोई चाचा, कोई भाई तथा कोई दादा बन जाता था। उन्होंने कहा कि लड़की को गरीब और बेसहारा बताकर कुंवारे लोगों को जाल में फंसाया जाता था और सादगी से शादी करने की बात तय की जाती थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने कई लोगों के साथ ठगी करने की बात स्वीकार की है।

### अवैध रूप से कॉलोनी बसाने के आरोप में 18 लोगों पर मुकदमा, 15 दिन में भूमाफिया घोषित करने के निर्देश

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले तुस्याना गांव में अवैध रूप से कॉलोनी बसाने के आरोप में 18 कॉलोनाइजर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और 15 दिन के भीतर उन्हें भूमाफिया घोषित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया परियोजना विभाग के वर्क सर्कल-तीन की शिकायत के आधार पर इकोटेक-तीन पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। विज्ञप्ति में बताया गया कि ये कॉलोनाइजर तुस्याना गांव में अधिसूचित जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी बसाकर भूखंड बेच रहे थे जिसे रोकने के लिए कई बार नोटिस दिए गए और मौके पर जाकर भी काम रुकवाया गया। इसमें कहा गया, इसके बावजूद इन गतिविधियों पर विराम नहीं लगा जिसके बाद प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन जी रवि कुमार के निर्देश पर 18 कॉलोनाइजर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

# कांग्रेस और आप दोनों ने दिल्ली को लूटा है : वीरेंद्र सचदेवा

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर कड़ा हमला करते हुए दोनों दलों पर दिल्ली को लूटने का आरोप लगाया है। श्री सचदेवा ने गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बर्बाद ए गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी था, लेकिन यहां तो दो-दो उल्लू हैं। उन्होंने कहा, ह्लपहले कांग्रेस ने दिल्ली को 15 साल लूटा। फिर 12 साल से अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों में एक वर्ग विशेष का वोट हासिल करने ही होड़ लगी हुई है। उन्होंने कहा, मैं आतिशी मालेर्ना और अजय माकन दोनों से पूछना चाहता हूं कि उस दिन आपकी गैरत कहां गयी थी, जब लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों एक-दूसरे को गले लगाकर घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान श्री केजरीवाल जब कांग्रेस उम्मीदवारों को अपनी गाड़ी में बैठाकर घुमा रहे थे, तो उस समय उनकी गैरत कहां गयी थी। उन्हें चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जाना चाहिए। इंडिया समूह में साथ-साथ फोटो खिंचवाने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी से आम आदमी पार्टी के नेता मिला करते थे। उन्होंने कहा, आज जब दिल्ली में हार सामने दिखाई दे रही है, तो ये दोनों पार्टियां नूरा कुश्ती कर रही हैं। उन्होंने कांग्रेस और आप को एक ही सिक्के के दो पहलू बताते हुए कहा कि अगर दिल्ली की जनता कांग्रेस को वोट देती, तो वह आम आदमी को जाएगा और आम आदमी पार्टी को देती है, तो वह कांग्रेस को जाएगा। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां चोरों की बारात हैं। पहले कांग्रेस ने 15 साल दिल्ली को लूटने का काम किया और अब श्री केजरीवाल की आम आदमी पार्टी 12 साल से दिल्ली को बर्बाद कर रही है। भाजपा तो पिछले 27 सालों से इन दोनों पार्टियों को खिलाफ लड़ रही है। हमारी लड़ाई जारी रहेगी। भाजपा द्वारा कांग्रेस उम्मीदवारों को वित्त पोषित किये जाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा, इस बात को तो आतिशी बेहतर तरीके से जानती होंगी, क्योंकि लोकसभा चुनाव के समय दोनों ने एक-दूसरे के उम्मीदवारों को वित्त पोषित किया था। उन्होंने कहा कि मैं एक बार फिर कहना चाहता हूं कि दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और एक वर्ग विशेष का वोट हासिल करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा, आतिशी मालेर्ना वह बोल रही है, जो कांग्रेस उससे बोलवाना चाहती है और कांग्रेस वही कर रही है, जो आम आदमी पार्टी उससे करवाना चाह रही है। दोनों पार्टियां मुस्लिमों का वोट हासिल करने में जुटी हुई हैं। उल्लेखनीय कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वह भाजपा से मिली हुई है और भाजपा कांग्रेस उम्मीदवों को वित्त पोषित कर रही है।

# नये साल के जश्न के मद्देनजर पुलिस ने दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा बढ़ाई

**अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपद्रव और यातायात उल्लंघन के मामलों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस समेत 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों के तैनात रहने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, क्रिसमस के बाद, हमने नये साल की पूर्व संध्या के लिए सुरक्षा व्यवस्था के वास्ते एक मजबूत योजना बनाई है। हम चाहते हैं कि सभी लोग नये साल का स्वागत बड़े उत्साह के साथ करें लेकिन किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस के अनुसार पड़ोसी राज्यों से आने वाले लोगों के उपद्रव से निपटने के लिए सीमाओं पर अतिरिक्त चौकियां, अवरोधक और अर्धसैनिक बलों की तैनाती समेत अतिरिक्त कर्मी तैनात किए जाएंगे।**

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने नये साल के जश्न के लिए राष्ट्रीय राजधानी के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपद्रव और यातायात उल्लंघन के मामलों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस समेत 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों के तैनात रहने की उम्मीद है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, क्रिसमस के बाद, हमने नये साल की पूर्व संध्या के लिए सुरक्षा व्यवस्था के वास्ते एक मजबूत योजना बनाई है। हम चाहते हैं कि सभी लोग नये साल का स्वागत बड़े उत्साह के साथ करें लेकिन किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस के अनुसार पड़ोसी राज्यों से आने वाले लोगों के उपद्रव से निपटने के लिए सीमाओं पर अतिरिक्त चौकियां, अवरोधक और अर्धसैनिक बलों की तैनाती समेत अतिरिक्त कर्मी तैनात किए जाएंगे।





दिल्ली की सीमा हरियाणा और उत्तर प्रदेश से लगती है और यह राजस्थान के निकट है। इन तीनों राज्यों से बड़ी संख्या में लोग नये साल का जश्न मनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचते हैं। पुलिस ने कहा कि उसने क्रिसमस के लिए पहले ही 10 से अधिक स्थानों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर रखा है, लेकिन अब उसने सुरक्षा को और बढ़ा दिया है और 15 से अधिक उन स्थानों पर बड़ी संख्या में कर्मियों को तैनात किया गया है, जहां से वाहन राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करते हैं। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा, यातायात पुलिस ने मोटरसाइकिल पर स्टंट करने और शराब पीकर गाड़ी चलाने से निपटने के लिए पहले ही एक योजना तैयार कर ली है। यातायात पुलिस की मदद के लिए विभिन्न थानों से अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। पुलिस के अनुसार पालियों में ड्यूटी होगी और थाना प्रभारियों (एसएचओ) को नये साल की पूर्व संध्या पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी टीमों के साथ सड़क पर रहने का आदेश दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्टंट जैसी गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो सुरक्षाकर्मी वाहन जब्त कर लेंगे और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। अधिकारी ने कहा, नये साल के जश्न के लिए हमारी टीम बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल, धर्मशाला, रैन बसेरों और अन्य स्थानों की जांच कर रही हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई व्यक्ति बिना उचित दस्तावेज के तो नहीं रह रहा है। हमने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान करने के लिए पहले ही विशेष अभियान शुरू कर दिया है।

दिल्ली पुलिस की यातायात एवं अन्य इकाइयों के दस हजार से अधिक पुलिसकर्मी निगरानी बनाए रखेंगे। दिल्ली यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पर्याप्त संख्या में यातायात कर्मियों को तैनात किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्य ध्यान कनॉट प्लेस, हौजखास, बाजारों और मॉल के आसपास रहेगा। उन्होंने कहा कि कनॉट प्लेस में वैध स्टिकर वाले वाहनों को ही इनर सर्किल क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस स्टिकर वितरित करेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गेट पर भी अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे, जहां लोग नये साल का जश्न मनाने आते हैं।

## संदीप दीक्षित ने आप की 'महिला सम्मान' योजना के खिलाफ उपराज्यपाल से शिकायत की

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से आम आदमी पार्टी (आप) की महिला सम्मान योजना की शिकायत करते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी दिल्ली की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी कर रही है। दीक्षित ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आप के कार्यकर्ता महिलाओं से एक ऐसी योजना के लिए फॉर्म भरवाकर उनके फोन नंबर और पते जुटा रहे हैं, जो वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं है।

दीक्षित ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की थी कि राष्ट्रीय राजधानी में ह्यमहिला सम्मान योजनाह्व पहले से ही लागू है, जो सच नहीं है। दीक्षित ने कहा, ह्यह्यकोई भी राजनीतिक दल कुछ भी वादा कर सकता है। अगर उन्होंने कहा होता कि वे चुनाव जीतने पर 2,100 रुपये देंगे, तो कोई मुद्दा नहीं था। लेकिन उन्होंने कहा कि 1,000 रुपये की योजना चल रही है और वे इसके तहत राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपये कर देंगे। वे आपसे (महिलाओं से) इस योजना के लिए फॉर्म भरवा रहे हैं। दिल्ली सरकार के दो विभाग ने बुधवार को कहा था कि ऐसी कोई योजना अस्तित्व में नहीं है। विभागों ने कहा कि इस योजना के लिए जो जानकारी जुटाई जा रही है, वह धोखाधड़ी का मामला है। उन्होंने कहा कि वे महिलाओं से फोन नंबर और पते एकत्र कर रहे हैं। दीक्षित ने कहा, अगर ये धोखाधड़ी का मामला है तो इसकी जांच होनी चाहिए और इस धोखाधड़ी को अंजाम देने वाले दो लोगों, आतिशी और केजरीवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए। सभी आप कार्यकताओं को (सूचना एकत्र करने से) रोका जाना चाहिए और दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं हो। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को सार्वजनिक नोटिस जारी कर सत्तारूढ़ आप की महिलाओं को 2,100 रुपये देने तथा बुजुर्गों को मुफ्त इलाज देने संबंधी योजनाओं से खुद को अलग कर लिया, जिससे विधानसभा चुनाव से पहले नया विवाद खड़ा हो गया। दोनों विभागों ने लोगों को आगाह किया कि अस्तित्वहीन योजनाओं में पंजीकरण के नाम पर किसी से भी व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करें और कहा कि किसी भी निजी व्यक्ति या राजनीतिक दल द्वारा इस तरह के फॉर्म भरवाना या जानकारी एकत्र करना धोखाधड़ी और अनधिकृत है। भाजपा ने भी बुधवार को केजरीवाल और आतिशी पर निशाना साधते हुए दोनों पर दिल्ली की महिलाओं एवं बुजुर्गों को ऐसी योजनाओं का लाभ देने का वादा करके उनके साथ ह्यह्यराजनीतिक छल करने का आरोप लगाया, जो कि अस्तित्व में ही नहीं हैं। पार्टी ने सत्तारूढ़ आप और आतिशी को योजना की अधिसूचना दिखाने की भी चुनौती दी थी।

# ईडी कार्यालय पहुंचे संजय सिंह, भाजपा नेता प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ शिकायत

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही मुद्दों के लेकर सियासत तेज हो गई है। नई दिल्ली विधानसभा में भाजपा नेता के द्वारा पैसे बांटने के मामले में आप नेता प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंचे हैं। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह और अन्य नेता ईडी के कार्यालय पहुंचे हैं। जहां वह वोटरों को कैश देने के मामले में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं। बता दें कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा से मौजूदा विधायक हैं। जानकारी के लिए बता दें कि बीते गुरुवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया था। सीएम आतिशी ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल के विधानसभा क्षेत्र नई दिल्ली में वोटर कार्ड चेक करके भाजपा लोगों को पैसे बांट रही है। प्रवेश वर्मा अपने सरकारी आवास पर पैसे बांटते पकड़े गए, जो उन्हें सांसद होने के नाते मिले थे। मुख्यमंत्री आतिशी ने बताया था कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों की झुग्गियों से महिलाओं को वहां बुलाकर एक लिफाफे में 1100 रुपये दिए गए। मैं ईडी और सीबीआई से कहना चाहती हूं कि प्रवेश वर्मा के घर पर अभी भी करोड़ों रुपये की नकदी पड़ी है, आप अभी जाइए।' आतिशी ने कहा था कि मैं चुनाव आयोग से कहना चाहती हूं कि ईडी और दिल्ली पुलिस से प्रवेश वर्मा के सरकारी आवास पर छापा मरवाएं और उन्हें अभी गिरफ्तार करवाएं। भाजपा हारा हुआ चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। हम इसकी आधिकारिक शिकायत पुलिस और चुनाव आयोग से करेंगे, जिस पर्चे में पैसे बांटे जा रहे हैं, उस पर पीएम मोदी और जेपी नड्डा की तस्वीरें भी हैं।

**भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने दी सफाई**

वहीं, सीएम आतिश के बयान पर भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने सफाई दी है। प्रवेश वर्मा ने कहा, 'कल मैंने अरविंद केजरीवाल का ट्वीट देखा और आज दिल्ली के अस्थायी सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस सुनी। आप सांसद संजय सिंह भी मेरे घर के आसपास घूम रहे हैं। राष्ट्रीय स्वाभिमान संस्थान की शुरूआत मेरे पिताजी ने करीब 25 साल पहले की थी। आज मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि हम जो काम कर रहे हैं, उसकी सराहना आतिशी जी और केजरीवाल जी कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा ने सफाई देते हुए कहा था कि मैं यहां महिलाओं का दुख देख रहा हूं, जब मैं उनसे मिला तो उन्होंने मुझे बताया कि न तो उनके पास पेंशन है, न उनके पास राशन कार्ड है, न नौकरी है, न दवा की सुविधा है। मैंने तय किया कि हर महीने अपने संगठन के साथ हम एक योजना बनाएंगे और मासिक आधार पर उनकी मदद करेंगे। मुझे एक बात की खुशी है कि कम से कम मैं यहां शराब नहीं बांट रहा हूं, जो दिल्ली के मुख्यमंत्री पूरी दिल्ली में बांट रहे थे।'

## तीन जिलों के डीसीपी और चार एडिशनल डीसीपी का स्थानांतरण

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने तीन जिलों के डीसीपी और इसके अलावा चार एडिशनल डीसीपी का स्थानांतरण किया है। इनमें डीसीपी उत्तर पश्चिमी जिले के अभिषेक धानिया को पूर्वी जिले को जिम्मा दिया गया है। पूर्वी जिले की कमान संभाल रही डीसीपी अपूर्वा गुप्ता को क्राइम ब्रांच में भेजा गया। क्राइम ब्रांच के डीसीपी भीष्म सिंह को उत्तर पश्चिमी जिले में भेजा गया है। चार महीने पहले उत्तर पूर्वी जिले की जिम्मेदारी डीसीपी राकेश पॉवरिया को दी गई थी। इन्हें वापस पुलिस मुख्यालय बुलाया गया है। इसके अलावा मध्य जिले के एडिशनल डीसीपी आशीष कुमार मिश्रा को उत्तर पूर्वी जिले का डीसीपी बनाया गया है। इसी क्रम में एडिशनल डीसीपी नेहा यादव को एडिशनल डीसीपी/शाहदरा जिले में भेजा गया है। रोहिणी जिले में उनकी पोस्टिंग रद्द कर दी गई है। उत्तर-पश्चिम जिले में एडिशनल डीसीपी संध्या स्वामी को डीसीपी ट्रैफिक लगाया गया है।

शाहदरा जिले के एडिशनल डीसीपी विष्णु कुमार को रोहिणी जिले में भेजा गया है। इसी तरह उत्तर-पूर्व जिले में तैनात सुबोध कुमार गोस्वामी को अब 8वीं बटालियन में भेजा गया है। दानिक्स कैडर के संदीप लांबा उत्तर-पूर्व जिले में एडिशनल डीसीपी का काम देखेंगे। इसके अलावा एसीपी दानिक्स मनीष जोरवाल को उत्तर पश्चिम जिले में भेजा गया है।

# चाय, कॉफी पीने से कम होता है सिर और गले के कैंसर का जोखिम: अध्ययन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व में प्रकाशित अध्ययनों की समीक्षा के आधार पर दावा किया गया है कि चाय या कॉफी पीने से सिर, गर्दन, मुंह और गले का कैंसर होने का जोखिम कम होता है। कैंसर पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्षो में कहा गया है कि प्रतिदिन तीन या चार कप कॉफी पीने से सिर और गर्दन के कैंसर का खतरा 17 प्रतिशत कम होता है, जबकि एक कप चाय पीने से इसका जोखिम नौ प्रतिशत कम होता है।

पिछले शोधों से पता चला है कि कॉफी और चाय में मौजूद कैफीन जैसे बायोएक्टिव तत्वों में जलन-रोधी ह्यएंटीऑक्सीडेंटह्व गुण होते हैं जो बीमारी के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। एक हालिया अध्ययन में यह भी कहा गया है कि सीमित मात्रा में कॉफी पीने से स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। अमेरिका के यूटा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिसिन में कार्यरत, अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका युआन-चिन एमी ली ने कहा, ह्यहालांकि कॉफी और चाय के सेवन और कैंसर के जोखिम में कमी पर पहले भी शोध हो चुका है, लेकिन इस अध्ययन ने सिर और गर्दन के कैंसर की विभिन्न जगहों पर इनके अलग-अलग प्रभावों के बारे में बताया है। इसमें यह अवलोकन भी शामिल है कि कैफीन रहित कॉफी का भी कुछ सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अध्ययन के लिए, शोधकताओं ने सिर और गर्दन के कैंसर से पीड़ित लगभग 9,550 रोगियों और बिना कैंसर वाले लगभग 15,800 रोगियों से जुड़े 14 अध्ययनों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। कॉफी न पीने वालों की तुलना में जो लोग रोजाना चार कप से अधिक, कैफीनयुक्त कॉफी पीते हैं उनमें सिर और गर्दन के कैंसर का जोखिम 17 प्रतिशत कम पाया गया। साथ ही उनमें मुंह के कैंसर का जोखिम 30 प्रतिशत कम और गले के कैंसर का जोखिम 22 प्रतिशत कम पाया गया। इसके अतिरिक्त तीन से चार कप कैफीनयुक्त कॉफी पीने से हाइपोफेरीन्जियल कैंसर (गले के निचले हिस्से में होने वाला एक प्रकार का कैंसर) का खतरा 41 प्रतिशत कम हो जाता है।

दूसरी ओर कैफीन रहित कॉफी पीने से ओरल कैविटी कैंसर होने की आशंका 25 प्रतिशत कम हो जाती है। एक कप चाय पीने से सिर, गर्दन के कैंसर का खतरा नौ प्रतिशत कम और हाइपोफैरिंक्स का खतरा 27 प्रतिशत कम हो जाता है।

## एसकेएम ने किसानों और डल्लेवाल के अनशन पर चर्चा के लिए राष्ट्रपति से मुलाकात का अनुरोध किया

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। किसानों के प्रदर्शन और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन के बीच, संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उनसे संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलने का समय देने का अनुरोध किया है। एसकेएम ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा कि वे डल्लेवाल (70) के अनशन से जुड़ी स्थिति और अन्य जरूरी मुद्दों का समाधान ाहते हैं, जिसमें कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचा पेश करना भी शामिल है।

किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली कूच से रोके जाने के बाद 13 फरवरी से एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों के एक जत्थे में शामिल 101 प्रदर्शनकारी किसानों ने छह से 14 दिसंबर के बीच तीन बार पैदल दिल्ली तक मार्च करने का प्रयास किया, लेकिन हरियाणा में सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। राष्ट्रपति को संबोधित 25 दिसंबर को लिखे पत्र में कहा गया है, एसकेएम का एक प्रतिनिधिमंडल आपसे जल्द से जल्द मिलने का अनुरोध करता है, ताकि देश भर में किसानों के बीच बढ़ती अशांति और खतरनाक स्थिति के बारे में अपनी चिंताओं से आपको अवगत करा सकें। एसकेएम ने कहा कि 500 से अधिक जिलों के किसानों ने जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपे हैं, जिसमें लंबे समय से की जा रही उनकी मांगों पर केंद्र सरकार और सभी किसान संगठनों के बीच चर्चा को सुगम बनाने के लिए उनसे तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया गया है।

## दिव्यांगों से भेदभाव का आरोप, अदालत ने केंद्र, उबर से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक दृष्टिबाधित वकील की याचिका पर केंद्र और उबर से जवाब मांगा है। वकील ने उबर ऐप की सेवाओं का लाभ उठाने के दौरान भेदभाव का सामना करने का आरोप लगाया है। चौबीस दिसंबर को न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने अधिवक्ता राहुल बजाज की याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र एवं उबर इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से जवाब देने को कहा। बजाज के वकील ने आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल को ऐप पर ऑटो बुक करते समय भेदभावपूर्ण और अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा, इसके अलावा कंपनी की सेवाओं का लाभ उठाने के दौरान कई अन्य चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा। उन्होंने घटना का उल्लेख किया कि ऑटो चालक ने न केवल बजाज को वांछित स्थान पर छोड़ने से इनकार कर दिया, बल्कि सफर के लिए अनिच्छा से सहमत होने के बाद उनके साथ अनुचित व्यवहार भी किया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्याः 42-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25** **दिनांक : 26.12.2024**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–एः दो वर्ष की अवधि के लिए डीएलआई क्षेत्र (पीएसआई/एनडीएलएस और पीएसआई/एफडीबी) में 25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम की पीएसआई रखरखाव गतिविधि की आउटसोर्सिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 1,43,49,325.10/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,21,800/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 07.01.2025 (10:30 बजे) से 21.01.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 21.01.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3947/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### चर्चा

**पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में विस्तारित कार्य समिति की बैठक उसी स्थान पर हुई है जहां 1924 के कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधी को पार्टी अध्यक्ष चुना गया था।**

# कांग्रेस कार्य समिति की बैठक, आंबेडकर के 'अपमान' समेत कई मुद्दों पर चर्चा

प्रात : किरण/ एजेंसी

बेलगावी (कर्नाटक)। कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बृहस्पतिवार को यहां हुई बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा उनके आदर्शों का स्मरण करने के साथ ही गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर का कथित तौर पर अपमान किए जाने और कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में विस्तारित कार्य समिति की बैठक उसी स्थान पर हुई है जहां 1924 के कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधी को पार्टी अध्यक्ष चुना गया था। कांग्रेस ने उस ऐतिहासिक दिन के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया। उसने कार्य समिति की बैठक को नव सत्याग्रह बैठक नाम दिया है। खरगे ने ध्वजारोहण किया और इसके बाद बैठक की शुरूआत हुई। बैठक से पहले खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई नेताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीर लेकर बैठक स्थल तक मार्च किया। बैठक से पूर्व कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम और संविधान और इसके निमार्ता बी आर आंबेडकर पर भाजपा के कथित हमले पर चर्चा होगी। उनका यह भी कहना था कि देश के सामने खड़े कई मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के बाद कांग्रेस उनके समाधान और संविधान पर भाजपा के कथित हमले का मुकाबला करने के लिए स्पष्ट विचारों के साथ सामने आएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनका दल उस विरासत को संरक्षित करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करेगा जिस पर मौजूदा समय में हमला किया जा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, ह्यमहात्मा गांधी ने 100 साल पहले, तब के बेलगाम और आज के बेलगावी में, 26 दिसंबर 1924 को कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। वह एक ऐतिहासिक सत्र था। आज उसी स्थान पर विस्तारित कार्यसमिति अपनी नव सत्याग्रह बैठक कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुद को महात्मा गांधी की उस विरासत को संरक्षित करने, उसकी रक्षा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए फिर से समर्पित करेगी।



# दलपति विजय ने थेरी के रीमेक बेबी जॉन पर तोड़ी चुप्पी

वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है, जिसमें दलपति विजय ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह तमिल फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन एटली ने किया था। यह उनकी दूसरी फिल्म थी। बेबी जॉन का निर्देशन कलीज ने किया है। बेबी जॉन की रिलीज से एक दिन पहले विजय ने अपने एक्स पर एटली और बेबी जॉन के सभी कलाकारों को भी फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि बेबी जॉन बॉक्स ऑफिस पर सफल होगी। बेबी जॉन में वरुण धवन, साउथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव हैं। मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है।

दलपति विजय ने एक्स पर लिखा, कल रिलीज के लिए वरुण धवन, वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश और पूरी बेबी जॉन की पूरी टीम को शुभकामनाएं। आप सभी को ब्लॉकबस्टर सफलता की शुभकामनाएं। एटली ने जवाब में विजय को रिप्लाई किया, लव यू ना, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। वरुण ने भी विजय को शुक्रिया देते हुए जवाब दिया और कहा, दलपति विजय सर, आपका धन्यवाद। हम हमेशा आपके आस-पास बच्चे ही रहेंगे बेबी जॉन। कीर्ति सुरेश ने भी विजय को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, सर !! आपसे मिलना बहुत मायने रखता है !! आपकी शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद!। कलीज द्वारा निर्देशित बेबी जॉन के निर्माताओं ने इसके एक्शन सींस की कोरियोग्राफी के लिए आठ अंतरराष्ट्रीय एक्शन निर्देशकों की एक टीम को शामिल किया है। आठ एक्शन निर्देशकों अनल अरासु, स्टंट सिल्वा, अनबरीव, यानिक बेन, सुनील रोड्रिग्स, कालोयान वोडेनिचरोव, मनोहर वर्मा, ब्रॉनविन अक्टूबर ने फिल्म में आठ बड़े एक्शन सींस की कोरियोग्राफी की है।



# सान्या मल्होत्रा ने की सुनिधि चौहान के इवेंट में दमदार सरप्राइज एंट्री

सान्या मल्होत्रा, जिन्हें बॉलीवुड की मोरनी के नाम से भी जाना जाता है, उन्होंने हाल ही में कोलकाता में सुनिधि चौहान के इवेंट में एक सरप्राइज एंट्री दी और सबको चौंका दिया। जैसे ही सुनिधि ने अपना शानदार प्रदर्शन किया, सान्या मंच पर आईं और सभी को आश्चर्यचकित कर दिया, जिससे दर्शक स्तब्ध रह गए। उनके कातिलाना डांस मूव्स और ऊर्जावान प्रदर्शन ने एक यादगार पल बना दिया, पूरे प्रदर्शन के दौरान भीड़ उनका उत्साहवर्धन करती रही।

यह सरप्राइज एंट्री सान्या के और सुनिधि के हिट सॉन्ग 'आंख' के बाद आई है। दोनों की जोड़ी और म्यूजिक वीडियो में उनकी ऊर्जा ने फैंस को हैरान कर दिया, जहां सान्या को एक बोल्ड और ग्लैमरस अवतार में दिखाया गया। उनकी स्क्रीन प्रजेंस और बेहतरीन डांस मूव्स शहर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। काम के मोर्चे पर, सान्या अपनी बहुमुखी प्रतिभा से लगातार प्रभावित कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'मिसेज' को 55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में स्टैंडिंग ओवेशन मिला और यह काफी प्रतीक्षित है। वह एटली की बेबी जॉन में एक कैमियो भूमिका में भी दिखाई देंगी, जो निर्देशक के साथ उनका दूसरा सहयोग है। अपनी रोमांचक परियोजनाओं की सूची में, सान्या ने 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की उदयपुर शेड्यूल को खत्म कर दिया है। इसके अतिरिक्त, सान्या एक और उत्कृष्ट प्रदर्शन का वादा करते हुए बॉबी देओल के साथ अनुराग कश्यप की एक बेनाम फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं।

# ताहा शाह बदुशाह ने जीता ब्रेकथ्रू परफॉर्मर ऑफ द ईयर का पुरस्कार



जैसे-जैसे 2024 अंत करीब आ रहा है और पुरस्कारों का सीज़न शुरू हो रही है, अभिनेताओं की प्रतिभा और भूमिकाओं की सराहना की जा रही है। ताहा शाह बदुशाह इस सीज़न में चमकते सितारों में से एक हैं, जिन्होंने हाल ही में शहर में आयोजित एक समारोह में प्रतिष्ठित ब्रेकथ्रू परफॉर्मर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीते है। यह सम्मान कोई आश्चर्य की बात नहीं है, खासकर संजय लीला भंसाली की हीरामंडी- द डायमंड बाज़ार में उनके असाधारण प्रदर्शन को देखते हुए। हीरामंडी में नवाब ताजदार बलूच के किरदार में ताहा ने खूब प्रशंसा बटोरी, जिससे वह इंडस्ट्री में सनसनी बन गए। उनके प्रदर्शन ने न केवल आलोचकों का दिल जीता, बल्कि उन्हें बड़ी संख्या में प्रशंसक भी बनाए, खासकर महिला दर्शकों के बीच, जो उन्हें नेशनल क्रश का नाम दे रही हैं। हीरामंडी की सफलता के साथ, ताहा शाह बदुशाह रोमांचक आगामी परियोजनाओं की एक श्रृंखला के लिए तैयारी कर रहे हैं, जिससे इंडस्ट्री में उनकी जगह और मजबूत हो रही है। जैसे-जैसे वह अपनी प्रतिभा और आकर्षण के लिए पहचान हासिल कर रहे हैं, यह स्पष्ट है कि ताहा लगातार भारतीय सिनेमा में अपनी पहचान बना रहे हैं।



# बायोपिक साको 363 से कमबैक करेंगी स्नेहा उल्लाल

स लमान खान के साथ फिल्म लकी फेम एक्ट्रेस स्नेहा उल्लाल जल्द ही फिर से कमबैक करने वाली हैं। जल्द ही वह अमृता बिश्नोई की बायोपिक साको 363 में दिखेंगी। इसका टीजर भी रिलीज कर दिया गया है। पर्यावरण, वृक्षों और जीव जंतुओं की रक्षा के लिए राजस्थान के बिश्नोई समाज की बहादुर महिला अमृता बिश्नोई के संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान की सच्ची घटना पर ये फिल्म आधारित होगी। रामरतन बिश्नोई और विक्रम बिश्नोई के द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमृता बिश्नोई का मुख्य किरदार स्नेहा उल्लाल ने निभाया है। फिल्म निर्माताओं के द्वारा राजस्थान के नागौर जिले में एक बड़े समारोह में बिश्नोई समाज के लोगों को यह टीजर दिखाया गया। 1 मिनट 30 सेकंड के टीजर में शुरुआत में ही बताया गया है कि फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टीजर में स्नेहा, अमृता के किरदार में सशक्त अवतार में दिख रही हैं। टीजर के अंत में महिलाओं और बच्चों की रोंगटे खड़े कर देने वाली चीख पुकार काफी मार्मिक और असहनीय है जो आज से 300 वर्ष पहले बिश्नोई समाज के 363 लोगों को पेड़ों की रक्षा करने के कारण कुल्हाड़ी काटे जाने कि दर्दनाक कहानी को दर्शाता है। इसके क्रिएटिव डायरेक्टर मनोज सती हैं।

# मैं खुद को निर्देशक की शैली के अनुसार ढालता हूं



र्तिक आर्यन की जर्नी ने का उन्हें आसाल की उम्र में बॉक्स ऑफिस के पसंदीदा सितारों में शामिल कर दिया है। कड़ी मेहनत, लगन और जुनून ने उन्हें फिल्ममेकर्स के बीच सबसे डिमांडिंग एक्टर में से एक बना दिया है। इस समय कार्तिक अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता का जश्न मना रहे हैं। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू में उन्होंने अपनी तैयारियों के बारे में बात की और बताया कि उनके यादगार प्रदर्शन के पीछे कितना समर्पण और मेहनत छिपी होती है। कार्तिक ने कहा... मुझे लगता है कि मैं बहुत बातचीत करता हूं। मैं अपने डायरेक्टर, प्रोड्यूसर्स और पूरी टीम के साथ ढेर सारी बातचीत करता हूं ताकि जब हम प्रोजेक्ट या फिल्म शुरू करें तो हम सब एक ही पेज पर हों। यह बहुत जरूरी और स्वस्थ प्रक्रिया है कि आप शुरुआत से ही जान लें कि आप किस चीज में कदम रख रहे हैं। ये इस पर निर्भर करता है कि डायरेक्टर कौन है, क्योंकि हर डायरेक्टर की प्रक्रिया अलग होती है। कुछ बहुत ज्यादा रीडिंग कराते हैं, कुछ सेट पर इम्प्रोवाइज कराते हैं और कभी-कभी दोनों का मेल होता है। मैं डायरेक्टर की सुनने वाला एक्टर हूं। इसलिए मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि जो कैप्टन ऑफ द शिप हैं, उनके अनुसार खुद को ढाल लूं।



# भंसाली की लव एंड वॉर में होगा ओरी का बॉलीवुड डेब्यू!

अक्सर बॉलीवुड स्टार किड्स के साथ नजर आने वाले ओरी यानी ओरहान अवत्रामणि के बारे में हमेशा यही पूछा जाता है कि आखिर वो करते क्या हैं? अब उनके पास आपके सवाल का जवाब होगा, क्योंकि वो हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रहे हैं। वो भी संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर से। इसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल लीड रोल में हैं। ओरी लगभग हर बॉलीवुड पार्टी में नजर आते हैं। वो अंबानी परिवार के भी काफी करीब हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, अब ओरी लव एंड वॉर फिल्म में नजर आएंगे। पर उन्हें कैमियो के लिए कास्ट किया गया है। ये भी बताया जा रहा है कि दीपिका पादुकोण भी स्पेशल अपीयरेंस में नजर आ सकती हैं।

## ओरी के सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स

ओरी इंटरनेट सेंसेशन हैं। उनके सोशल मीडिया पर काफी फॉलोअर्स हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 1.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। यहां पर वो अपने फैंस के लिए बॉलीवुड पार्टीज की इनसाइड फोटोज खूब शेयर करते हैं। इसके अलावा कई फनी पोस्ट भी होते हैं। वो हर बड़े सिंगर के कॉन्सर्ट में भी पहुंच जाते हैं और कई बार अजीबोगरीब आउटफिट पहनकर पपाराजी के सामने आते हैं।

## भंसाली की मन बैरागी

संजय लीला भंसाली की बात करें तो उन्होंने हीरामंडी वेब सीरीज से ओटीटी की दुनिया में कदम रखा। इस शो को दर्शकों का खूब प्यार मिला। फिल्मों की बात करें तो उन्होंने 2022 में आलिया भट्ट के साथ गंगूबाई काठियावाड़ी बनाई थी। लव एंड वॉर के अलावा उनके पास मन बैरागी भी है, जिसे वो सिर्फ प्रोड्यूस करेंगे।



# मोहनलाल अब किसी भी फिल्म का नहीं करेंगे निर्देशन

मोहनलाल की निर्देशन में बनी फिल्म 'बारोज' की रिलीज में अब सिर्फ कुछ दिन ही बाकी हैं। हाल ही में इस दिग्गज अभिनेता ने खुलासा किया कि बारोज के बाद वह किसी भी फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे। गलाटा प्लस से बात करते हुए मोहनलाल ने कहा कि 'बारोज' उनकी पहली और आखिरी निर्देशन वाली फिल्म होगी। उन्होंने फिल्म के निर्देशन का कारण भी बताया और कहा कि उनका मूल विचार थ्रीडी फिल्म बनाने का था, जिसे बिना थ्रीडी चश्मे के देखा जा सके।

## बिना चश्मे के थ्रीडी का मिलेगा मजा

मोहनलाल ने कहा कि आमतौर पर लोग थ्रीडी फिल्में देखने के बाद सिर दर्द की शिकायत करते हैं, लेकिन 'बारोज' के प्रीव्यू शो में ऐसा नहीं हुआ। मोहनलाल ने पहले एक ऐसी थ्रीडी फिल्म बनाने का विचार किया था, जिसे बिना चश्मे के देखा जा सके, लेकिन यह काफी महंगा था।

## इस वजह से किया निर्देशन

मोहनलाल ने कहा कि वह असंभव चीजों को करने का शौक रखते हैं और इसी कारण उन्होंने 'बारोज' का निर्देशन करने का निर्णय लिया। अभिनेता ने कहा कि फिल्म को बनाते समय सबकुछ सही तरीके से होता चला गया।

## हैंस जिमर से किया था संपर्क

फिल्म की एक दिलचस्प जानकारी यह है कि बारोज की टीम ने हॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार हैंस जिमर से संपर्क किया था, ताकि वह फिल्म का संगीत तैयार कर सकें। मोहनलाल ने उन्हें एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए पूछा, लेकिन हैंस जिमर ने जवाब दिया कि उनके पास समय नहीं है। हालांकि, हैरान करने वाली बात यह है कि हैंस जिमर की टीम ने फिल्म के साउंडट्रैक में योगदान दिया है और उनके कुछ संगीतकार भी इस फिल्म का हिस्सा बने हैं।

# सीक्वल में क्यों नहीं लिए गए नो एंट्री के सितारे? बोनी कपूर का खुलासा



साल 2005 में फिल्म आई नो एंट्री। और अब इसका सीक्वल अ रहा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी मूल फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, लारा दत्ता, बिपाशा बसु और ईशा देओल सहित कई चर्चित चेहरे नजर आए। मगर, सीक्वल में पुरानी स्टारकास्ट रिपीट नहीं की जा रही है, सभी फ्रेश चेहरे होंगे। हाल ही में निर्माता बोनी कपूर ने इसकी वजह बताई है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट पर भी अपडेट दिया है। कॉमेडी फिल्म नो एंट्री के सीक्वल का एलान पहले ही हो चुका है। तब से इससे जुड़ी हर अपडेट पर फैंस का ध्यान है। हालांकि, फैंस को जब पता चला कि फिल्म की मूल कास्ट सीक्वल में नजर नहीं आएगी तो थोड़े निराश हुए। हाल ही में बोनी कपूर ने इसकी वजह बताई है। हाल ही में न्यूज 18 शोशा के साथ बातचीत में बोनी कपूर ने इस फिल्म पर बात करते हुए कहा कि ये अगले साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

## मैंने इंतजार किया, लेकिन...

निर्माता ने कहा कि तमाम दर्शक यह जानने को बेकरार हैं कि ओरिजनल कास्ट क्यों नहीं है? उन्होंने कहा, मैंने बहुत वक्त तक इंतजार किया, लेकिन सभी के अपने-अपने कारण थे। मैं उन सभी का सम्मान करता हूं और उनके कारणों का भी। इसलिए, अब सीक्वल पूरी तरह नवीनता की पैकिंग में रिलीज होगी। बोनी कपूर ने दर्शकों को यह यकीन भी दिलाया कि बहुप्रतीक्षित सीक्वल उम्मीदों पर खरा उतरेगा, क्योंकि इससे उन्हें बहुत उम्मीदें हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएलआई योजना का असर, भारत के निर्यात में बढ़ रही इलेक्ट्रॉनिक गुड्स की हिस्सेदारी

नई दिल्ली। भारत के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स सेगमेंट की हिस्सेदारी में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसकी वजह केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से देश में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का लगना है। देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 2024-25 के अप्रैल-नवंबर में 27.4 प्रतिशत बढ़कर 22.5 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 17.66 अरब डॉलर था। भारत के कुल निर्यात में इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स और पेट्रोलियम के बाद इलेक्ट्रॉनिक गुड्स तीसरे स्थान पर हैं और पिछले साल यह छठवें स्थान पर था।

इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट में स्मार्टफोन निर्यात में 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी वजह एप्पल और सैमसंग जैसी प्रमुख ग्लोबल कंपनियों की ओर से देश में उत्पादन बढ़ाना हैं। पीएलआई योजना और सरकार द्वारा त्वरित मंजूरी एक बड़ी सफलता साबित हो रही है, क्योंकि वैश्विक दिग्गज कंपनियां अलग-थलग पड़े चीन के अलावा अन्य देशों में वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के अवसर तलाश रही हैं।

फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के समर्थन से भारत में एप्पल के प्रवेश ने इस साल स्मार्टफोन निर्यात को बढ़ावा दिया है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर मॉड्यूल, डेस्कटॉप और राउटर के निर्यात में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं स्थापित होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में और तेजी आने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में गुजरात के साणंद में 3,307 करोड़ रुपये के निवेश से सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए केनेस सेमीकॉन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। यह भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत स्वीकृत होने वाली पांचवीं और साणंद में स्थापित होने वाली दूसरी सेमीकंडक्टर इकाई है। इससे सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कुल निवेश बढ़कर 1,52,307 करोड़ रुपये (18.15 अरब डॉलर) हो गया है। भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग मार्च 2024 में 100 अरब डॉलर को पार कर गई थी। 2017 में यह आंकड़ा 49 अरब डॉलर था, जो पिछले कुछ वर्षों में देश द्वारा इस क्षेत्र में की गई प्रगति को दर्शाता है।

### आईडेंटिकल ब्रेन्स की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री, निवेशकों को पहले दिन ही जोरदार मुनाफा

नई दिल्ली। फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और कॉमर्शियल्स को वीएफएक्स सर्विस मुहैया कराने वाली कंपनी आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियोज के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर में गिरावट आ गई और ये लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने दोबारा जोर लगाया, जिससे इस शेयर में तेजी का रुख बन गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 54 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर ये शेयर 75.93 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 95 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में ये शेयर टूट कर 90.25 के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। राहत की बात यही रही कि थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से ये शेयर लोअर सर्किट के फंदे से निकल कर 99.75 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले ही दिन इस शेयर से 84.72 प्रतिशत का फायदा हो चुका है।

# शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच बढ़त बनी हुई है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार तेजी दिखाई, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इनमें गिरावट आ गई। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दस बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बीपीसीएल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ओएनजीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 2.26 प्रतिशत से लेकर 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, ट्रेंट लिमिटेड, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और सिप्ला के शेयर 0.50 प्रतिशत से लेकर 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,301 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,064 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,237 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 84.41 अंक की तेजी के साथ 78,557.28 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचना उछल कर 78,898.37 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई। बिकवाली के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 207.86 अंक की तेजी के साथ 78,680.73 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 48.15 अंक उछल कर 23,775.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक पहले 15 मिनट में ही उछल कर 23,854.50 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये 23,773.60 अंक तक लुढ़क गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद निफ्टी 68.50 अंक की मजबूती के साथ 23,796.15 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 67.30 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 78,472.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 25.80 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,727.65 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

# इस साल देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की बढ़ी भागीदारी : रिपोर्ट

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। इस साल देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी में जबरदस्त उछाल दिखा। आधी आबादी के साथ ही युवाओं की तादाद भी बढ़ी है।

नौकरी और पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म अपना डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं ने 2.8 करोड़ नौकरियों के लिए आवेदन किए हैं, जो 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, युवाओं ने नौकरी के आवेदनों में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

2024 में कुल 7 करोड़ में से महिलाओं ने 2.8 करोड़ नौकरियों के लिए आवेदन किए, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है।

फ्लेक्सिबल काम के अवसर, जेंडर-फोक्स्ड पहल और महिलाओं के नेतृत्व वाले क्षेत्र जैसे ई-कॉमर्स और हेल्थकेयर का विस्तार होने की वजह से यह उछाल देखा गया।

महिलाओं ने हेल्थकेयर, होस्पिटैलिटी, रिटेल और ई-कॉमर्स जैसे सेक्टर में बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया है और फील्ड सेल्स, लॉजिस्टिक्स और सिक्योरिटी सर्विस जैसी भूमिकाओं को अपनाया है।

सीनियर और मैनेजर भूमिकाओं के लिए आवेदनों में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो भारत के नए युग के वर्कफोर्स को आकार देने में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव का संकेत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे टियर 1 शहरों ने 1.52 करोड़ आवेदनों के साथ इस उछाल का नेतृत्व किया, जबकि जयपुर, लखनऊ और भोपाल जैसे टियर 2 और टियर 3 शहरों ने 1.28 करोड़ आवेदनों का योगदान दिया, जो मेट्रो हब से परे अवसरों में शानदार वृद्धि को दिखाता है ।

इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का फ्रेशर जॉब मार्केट भी फल-फूल रहा है, जिसमें नौकरी के आवेदनों में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2 करोड़ को पार कर गया है।

आईटी, मोबिलिटी, रिटेल, बीएफएसआई और सेवाओं जैसे हाई-ग्रोथ सेक्टर इस मांग को बढ़ा रहे हैं क्योंकि युवा प्रोफेशनल इनोवेशन और विस्तार को बढ़ावा दे रहे हैं।

चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरी केंद्रों ने 60 लाख आवेदनों का योगदान दिया, जबकि पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे क्षेत्रों ने 82 लाख आवेदन जोड़े।

इस बीच, इस साल 12 लाख ओपनिंग के साथ ऑनलाइन जॉब पोस्टिंग में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि डिजिटल अपनाने, लघु और मध्यम व्यवसाय (एसएमबी) क्षेत्र में वृद्धि और टियर 2 और टियर 3 शहरों में व्यापार विस्तार की वजह से देखी गई।

बीएफएसआई, रिटेल, हेल्थकेयर और लॉजिस्टिक्स जैसी प्रमुख इंडस्ट्री ने सबसे ज्यादा मांग पैदा की, जिसने भारत के उभरते और लचीले जॉब मार्केट को आकार दिया।

भारत का एसएमबी सेक्टर, जिसमें 63 मिलियन से अधिक उद्यम शामिल हैं, जीडीपी में 30 प्रतिशत का योगदान देता है और देश भर में लाखों लोगों को रोजगार देता है।

हायरिंग बूम एआई-ड्रिवन रिक्रूटमेंट टेक्नोलॉजी द्वारा भी संचालित है, जिसमें 45 प्रतिशत एसएमबी हायरिंग में एआई को अपना रहे हैं।

इससे 2.4 लाख नौकरियों के अवसर पैदा हुए, टैलेंट सर्च का समय 30 प्रतिशत कम हुआ और हायरिंग लागत 25 प्रतिशत कम हुई।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मंगलवार को बढ़त के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,040.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 266.24 अंक यानी 1.35 प्रतिशत उछल कर 20,031.13 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 43,237.20 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज, हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज और इंडोनेशिया स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से आज कारोबार नहीं हो रहा है। आज के कारोबार में एशियाई बाजारों में सिर्फ शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में कमजोरी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 3,393.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.25 प्रतिशत जीते जी के साथ 23,824.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.24 प्रतिशत उछल कर 39,130.43 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,220.13 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स से 0.41 प्रतिशत उछलकर 1,400.41 अंक के स्तर पर और कोस्पी इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,442.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## भारत में आने वाले समय में तेजी से बढ़ेगी ब्रांडेड होटल्स की आय : रिपोर्ट



नई दिल्ली। भारत में ब्रांडेड होटल की आय वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 में 13-14 प्रतिशत और वित्त वर्ष 26 में 11-12 प्रतिशत रह सकती है। इसकी वजह आपूर्ति की तुलना में मांग का अधिक रहना है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया कि ऑपरेटिंग मार्जिन में इस वित्त वर्ष में 100-150 आधार अंकों (बीपीएस) का सुधार होने की संभावना है और अगले वित्त वर्ष में भी यह इसी स्तर पर बना रहेगा, क्योंकि ऑपरेटिंग लीवरेज का लाभ मिलने लगेगा। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि घरेलू अवकाश और व्यावसायिक यात्राएं मांग के प्राथमिक चालक बने रहेंगे, एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) सेगमेंट की बढ़ती मांग और विदेशी पर्यटकों के आगमन में इजाफे से होटलों की आय में वृद्धि को साहारा मिलेगा। पिछले वित्त वर्ष में भी होटल की आय में 17 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई थी। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक मोहित मखीजा ने कहा, बढ़ती पर्यटन आकांक्षाओं और बेहतर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के कारण घरेलू अवकाश सेगमेंट में वृद्धि जारी रहेगी। इसके अलावा, सकारात्मक आर्थिक दृष्टिकोण और कॉरपोरेट आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की मीट इन इंडिया पहल से व्यवसाय और एमआईसीई सेगमेंट को समर्थन मिलेगा। इस वित्त वर्ष विदेशी यात्रियों का आगमन महामारी के पहले के स्तरों को पार कर सकता है। मखीजा ने आगे कहा कि इन कारकों के कारण हाई बेस के बाद भी इस वित्त वर्ष में ब्रांडेड होटलों के औसत कमरा किराए (एआरआर) में 6-7 प्रतिशत की वृद्धि होगी। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पिछले वित्त वर्ष की तुलना होटल्स में कमरे बढ़ने की गति में वृद्धि हुई है। कई होटल्स द्वारा एसेट-लाइट मैनेजमेंट कॉन्ट्रैक्ट रूट अपनाने से इसमें और तेजी आने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में आपूर्ति में कुल मिलाकर 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। मजबूत नकदी प्रवाह, एसेट-लाइट विस्तार और बड़ी मात्रा में इक्विटी जुटाने से कर्ज का स्तर नियंत्रण में रहेगा, जिससे क्रेडिट प्रोफाइल मजबूत होगी। ब्रांडेड होटल के कमरों की संख्या में इस वित्त वर्ष में 8-9 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 11-12 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसमें अवकाश और गैर-मेट्रो गंतव्यों में 65 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। क्रिसिल रेटिंग्स की एसोसिएट डायरेक्टर पल्लवी सिंह ने कहा कि होटल उद्योग गैर-मेट्रो और उभरते अवकाश गंतव्यों में अधिक विस्तार कर रहा है क्योंकि अधिक यात्री ऐसे ही विकल्प चाहते हैं। साथ ही इन क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सुधार हो रहा है।

## इस साल जनवरी- नवंबर में 22.5 प्रतिशत घटी चीन में वीसी फंडिंग, भारत में दर्ज हुआ उछाल

नई दिल्ली। इस साल भारत में वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग में उछाल आया है, जबकि चीन में जनवरी-नवंबर की अवधि में वॉल्यूम और वैल्यू दोनों के हिसाब से वीसी फंडिंग में 22.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ग्लोबलडाटा, एक प्रमुख डेटा और एनालिटिक्स कंपनी के अनुसार, जनवरी-नवंबर 2024 के दौरान चीन में कुल 2,313 वीसी फंडिंग डील की घोषणा की गई, जबकि इन डील की कुल घोषित फंडिंग वैल्यू 32.3 बिलियन डॉलर थी। ग्लोबलडाटा के अनुसार, यह वीसी डील वॉल्यूम में सालाना आधार पर 23.1 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है, जबकि कुल घोषित फंडिंग वैल्यू में 22.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले साल इसी अवधि में, चीन में कुल 3,006 वीसी डील की घोषणा की गई थी, जबकि इन डील की कुल घोषित फंडिंग वैल्यू 41.7 बिलियन डॉलर थी। ग्लोबलडाटा के प्रमुख विश्लेषक ऑरोज्योति बोस के अनुसार, चीन में वीसी फंडिंग एक्टिविटी 2024 में भी धीमी बनी हुई है, क्योंकि कंपनियों पर कार्रवाई, व्यापक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चित बाजार स्थितियों के कारण निवेशकों की भावनाओं पर असर पड़ा है। बोप्से ने कहा, हालांकि, गिरावट के बावजूद, चीन, वीसी फंडिंग एक्टिविटी के लिए टॉप एपीएसी बाजार होने के अलावा, एक प्रमुख वैश्विक बाजार भी बना हुआ है, जो डील वॉल्यूम और मूल्य दोनों के मामले में अमेरिका के ठीक बाद है। जनवरी-नवंबर 2024 के दौरान वैश्विक स्तर पर घोषित कुल वीसी सौदों में चीन की हिस्सेदारी 15.2 प्रतिशत थी, जबकि संबंधित फंडिंग मूल्य के मामले में इसकी हिस्सेदारी 13.6 प्रतिशत थी। वीसी फंडिंग सौदों में चांगक्सिन टेक्नोलॉजी द्वारा जुटाई गई 1.5 बिलियन डॉलर की फंडिंग, एवीएटीआर द्वारा जुटाई गई 1.4 बिलियन डॉलर की फंडिंग, आईएम मोटर्स द्वारा सुरक्षित 1.1 बिलियन डॉलर की फंडिंग और मूनशॉट एआई द्वारा प्राप्त 1 बिलियन डॉलर की फंडिंग शामिल है। इस बीच, भारत में वीसी निवेश इस साल अप्रैल-जून अवधि में बढ़कर 4 बिलियन डॉलर हो गया, जो कि इससे पिछली तिमाही में 2.9 बिलियन डॉलर था। दूसरी ओर, चीन में इसी अवधि में वीसी निवेश में भारी गिरावट देखी गई, जो 13.5 बिलियन डॉलर से घटकर 6.9 बिलियन डॉलर रह गया। केपीएमजी की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वीसी निवेश में तेजी जारी रहने की उम्मीद है, जो देश की स्थिर सरकार और सकारात्मक आर्थिक माहौल से प्रेरित है।

# सराफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

प्रात: किरण/एजेंसी

घरेलू सराफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में तेजी आने की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये से लेकर 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,150 रुपये से लेकर 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# टीमलीज स्टाफिंग रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माण अस्थायी कार्यबल के वेतन में 5.6% वार्षिक वृद्धि देखी गई

## उद्योग में कुशल प्रतिभा की बढ़ती मांग को दशार्ता है

- विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, ऑटोमोटिव, कपड़ा और रसायन जैसे उद्योगों द्वारा संचालित हो रहा है।
- इस क्षेत्र में असेंबली लाइन वर्कर, वेल्डर और सीएनसी ऑपरेटर जैसे ब्लू-कॉलर और ग्रे-कॉलर भूमिकाओं और उत्पादन पर्यवेक्षकों, गुणवत्ता निरीक्षकों और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधकों जैसी व्हाइट-कॉलर भूमिकाओं की महत्वपूर्ण मांग देखी जा रही है।



प्रात: किरण/एजेंसी

टीमलीज सर्विसेज, भारत की प्रमुख स्टाफिंग सॉल्यूशन्स कंपनी, जो रोजगार और श्रमिक ताकत की गतिशीलता में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट स्टाफिंग पर्सपेक्टिव ऑन मैन्युफैक्चरिंग जारी की है। यह रिपोर्ट निर्माण क्षेत्र की संविदात्मक कार्यबल का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है, जो प्रमुख प्रवृत्तियों, चुनौतियों और अवसरों को उजागर करती है। निर्माण क्षेत्र 2025-26 तक 1 ट्रिलियन डॉलर का मूल्यांकन प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है, श्रमिक बल की गतिशीलता को संबोधित करना निरंतर विकास सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगा। यह विकास सरकारी पहलों, प्रौद्योगिकी में प्रगति और बदलते श्रमिक परिदृश्य द्वारा प्रेरित है। रिपोर्ट में यह दशार्या गया है कि कैसे विभिन्न उद्योग निर्माण क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देते हैं, जिनमें ऑटोमोटिव, रसायन, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, और मशीनरी एवं उपकरण शामिल हैं, जो रोजगार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। Industry 4.0 तकनीकों जैसे IoT, AI, रोबोटिक्स, और स्वचालन के साथ, ये क्षेत्र स्मार्ट फैक्ट्रीज के माध्यम से संचालन को तेजी से रूपांतरित कर रहे हैं, जिससे उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि हो रही है। इस विकास के लिए बड़े पैमाने पर अपस्किलिंग और रिस्किलिंग पहलों की आवश्यकता है, ताकि बढ़ते कौशल अंतर को पाटा जा सके। रिपोर्ट में यह भी दशार्या गया है कि इस क्षेत्र की कार्यबल मुख्य रूप से युवा है, जिसमें अधिकांश लोग 28-37 आयु वर्ग (43.6%) में आते हैं। यह जनसांख्यिकी तकनीकी परिवर्तनों को अपनाने के लिए अच्छी स्थिति में है, लेकिन इसे तकनीकी और विश्लेषणात्मक क्षेत्रों में क्षमता निर्माण की तत्काल आवश्यकता है।

# आर्चीज ने जीसीसी बाजार में विस्तार के लिए अल हस्ना गिफ्ट्स के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। आर्चीज लिमिटेड ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) बाजार में विस्तार के लिए अल हस्ना गिफ्ट्स के साथ साझेदारी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। आर्चीज ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में परिचालन शुरू किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, सहयोग के जरिये वह ओमान, सऊदी अरब तथा बहरीन में और विस्तार की योजना बना रही है। इससे पश्चिम एशिया में उसकी मजबूत उपस्थिति स्थापित होगी। आर्चीज के कार्यकारी निदेशक वरुण मूलचंदानी ने कहा, जीसीसी एक गतिशील बाजार है जिसमें अपार संभावनाएं हैं। हम आर्चीज की विशिष्ट उपहार श्रृंखला को नए ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। अल हस्ना गिफ्ट्स के सह-संस्थापक अल हस्ना एस ने कहा, आर्चीज के साथ हमारी साझेदारी जीसीसी क्षेत्र में ग्राहकों को बेहतर उपहार अनुभव प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। आर्चीज हर अवसर के लिए ग्रीटिंग कार्ड तथा उपहार मुहैया कराने के लिए पहचानी जाती है।

# आईआरसीटीसी मोबाइल ऐप और वेबसाइट हुई डाउन



नई दिल्ली । इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल ऐप दोनों गुरुवार को डाउन हो गए। इस महीने में यह दूसरा मौका है, जब आईआरसीटीसी का मोबाइल ऐप डाउन हुआ है। मोबाइल ऐप और वेबसाइट डाउन होने के कारण यूजर्स टिकट नहीं बुक कर पा रहे हैं। साथ ही बुकिंग के लिए वेबाइसट पर लॉग-इन करने के साथ ही लिखा आ रहा है कि रखरखाव गतिविधियों के कारण कार्रवाई करने में असमर्थह्ल है। आईआरसीटीसी ऐप और वेबसाइट के डाउन होने के कारण कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर निराशा व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने आईआरसीटीसी वेबसाइट का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा, छुट्टियों के मौसम में तत्काल बुकिंग रेलवे यात्रियों के लिए एक बुरा सपना है। बुकिंग खुलते ही सर्वर क्रैश हो जाता है। यह अब तक की सबसे खराब वेबसाइट है जिसका मैंने इस्तेमाल किया है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद इसे ठीक क्यों नहीं किया गया? वहीं, एक और अन्य यूजर ने लिखा, सुबह10:11 का समय हो चुका है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट अभी भी नहीं चल रही है। मुझे कुछ गड़बड़ लग रही है। अब जब यह सही चलेगी, तब सारी टिकट बुक हो चुकी होंगी।

एक अन्य यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा, तत्काल बुकिंग के समय आईआरसीटीसी का सर्वर डाउन हो गया। साथ ही आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट और आईआरसीटीसी नेक्स्ट जनरेशन ई-टिकटिंग सिस्टम तत्काल बुकिंग के समय काम नहीं कर रहा है। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा, आईआरसीटीसी की वेबसाइट का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। खासकर तत्काल बुकिंग के टाइम पर अकसर वेबसाइट धीमी हो जाती है। करोड़ों लोग इस वेबसाइट पर विश्वास करते हैं। इस वजह से सरकार को तुरंत इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। वहीं, एक और अन्य यूजर ने लिखा कि मैं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर लॉग इन नहीं कर पा रहा हूं। जब वेबसाइट खुलेगी, तब सभी तत्काल टिकट बिक चुकी होंगी। इसके बाद हमारे लिए अब एकमात्र विकल्प होगा कि ब्रोकर के पास जाओ और 3 से 4 गुना दाम पर यही टिकट खरीदो।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यापार विशेषज्ञों-हितधारकों के साथ बजट पूर्व बैठक की

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के लिए निर्यात, व्यापार और उद्योग क्षेत्रों के हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ चौथी प्री-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। वित्त मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ह्लकेंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में निर्यात, व्यापार और उद्योग क्षेत्रों के हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ चौथी बजटपूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, ऊक्कढअट (निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग) के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हुए। इस सप्ताह की शुरूआत में मंगलवार को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग परिसर में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के लिए प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विचारकों के एक समूह के साथ बातचीत की।

इससे पहले वित्त मंत्री सीतारमण ने 20 दिसंबर को जैसलमेर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट-पूर्व बैठक की अध्यक्षता की थी। बैठक में राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ गोवा, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, मेघालय और ओडिशा के मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। बैठक में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री, आर्थिक मामलों और व्यय विभागों के सचिव और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

सीतारमण ने अब तक एमएसएमई, किसान संघों और अर्थशास्त्रियों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ कई बैठकें की हैं। वित्त मंत्रालय सालाना विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई बजट-पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित करता है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक कवायद शुरू हो चुकी है। परंपरा के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 1 फरवरी, 2025 को पेश किया जाएगा। 2025-26 का बजट निर्मला सीतारमण का आठवां बजट होगा। सभी की निगाहें मोदी सरकार की तीसरी पारी के शेष कार्यकाल के लिए प्रमुख घोषणाओं और सरकार के आर्थिक दिशा-निर्देशों पर रहेंगी।

# सलमान खान विभिन्न मीडिया माध्यमों से करेंगे खो खो को प्रमोट

प्रात: किरण, संवाददाता





नई दिल्ली, । 13 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाले खो-खो वर्ल्ड कप का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार करने और जागरूकता फैलाने के लिए खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया मेगा मल्टीमीडिया अभियान शुरू करेगी, जिसमें मेगा स्टार सलमान खान को केंद्रित फीचर कर प्रोमोज और ऐड अभियान शुरू किया जाएगा। सिल्वर स्क्रीन पर अपने अभिनय से करोड़ों दिलों पर राज करने वाले सलमान खान खो-खो वर्ल्ड कप के लाइव मैचों के दौरान स्टार स्पोर्ट्स, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से विश्व भर में खो-खो को प्रोमोट करेंगे। सुपर स्टार सलमान खान इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में खो-खो वर्ल्ड कप के शुभारंभ के अवसर पर स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले पहले मैच को देखेंगे और खिलडि का मनोबल बढ़ाएंगे। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और वर्ल्ड कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया की सलमान खान की लोकप्रियता से खेल को भारत के अलावा विश्व भर में प्रमोट करने में मदद मिलेगी। सलमान खान को खो-खो वर्ल्ड कप का ब्रांड एंबेसेडर बनाने का उद्देश्य अधिकतम युवाओं को खो-खो के प्रति आकर्षित करना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा भारतीय वर्ल्ड कप मैचों को स्टेडियम में देखें और पूरे विश्व में रहने वाले खेल प्रशंसक इन मैचों को स्टार स्पोर्ट्स, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से देखें, जिससे खेल की लोकप्रियता बढ़े और इस खेल को विश्व के अधिकतम देशों में शुरू किया जा सके। सलमान खान की विश्व भर में लोकप्रियता से उनके खेल से जुड से हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए दर्शक मिलेंगे, जो कि अभी तक खो-खो खेल से अनभिज्ञ हैं या पूरी तरह आकर्षित नहीं हो पाए हैं। सुधांशु मित्तल ने बताया की मेगा स्टार सलमान खान ने आधुनिक दौर में फिटनेस और जोश को नए सिरे से परिभाषित किया है और वह अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलडि के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। सलमान खान मानसिक और शारीरिक फिटनेस के प्रति काफी मुखर रहे हैं और हम इस तरह के स्टार को खो-खो वर्ल्ड कप के साथ जोड चाहते थे। सलमान खान के जुड से खेल को ग्लैमर का फायदा होगा और खेल ज्यादा रोमांचक, रोचक और साहसिक हो जाएगा। सलमान खान ने खो खो के प्रति अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए खो खो से अपनी पुरानी सम्बद्धता को याद किया। उन्होंने भारत में खो-खो विश्व कप के आयोजन की सराहना की और खो-खो को विश्व के अन्य देशों में खेले जाने पर खुशी जाहिर की। अपनी नई भूमिका के बारे में उन्होंने कहा की मुझे खो खो वर्ल्ड कप का ब्रांड एंबेसेडर होने पर गौरव महसूस हो रहा है।

# चार बल्लेबाजों के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन मैच पर बनाई पकड़

प्रात: किरण,/ एजेसी



मेलबर्न,। स्टीव स्मिथ (नाबाद 68), उस्मान ख्वाजा (57), सैम कॉन्स्टास (60) और मार्नस लाबुशेन (72) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को चौथे टेस्ट मैच में पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय छह विकेट पर 311 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उस्मान ख्वाज और सैम कॉन्स्टास की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 89रनों की साझेदारी की। 20वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने सैम कॉन्स्टास को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कॉन्स्टास ने 65 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए पदार्पण टेस्ट में अपना पहला अर्धशतक बनाते हुए (60)रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्नसन लाबुशेन ने उस्मान ख्वाज के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 65 रनों की साझेदारी हुई। 45वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख्वाजा को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। उस्मान ख्वाजा ने 121 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (57)रन बनाए। चायकाल तक ऑस्ट्रेलिया ने 53 ओवरों में दो विकेट पर 176 रन बना लिये थे। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने मार्नसन लाबुशेन को कोहली के हाथों कैच आउट कराकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। लाबुशेन 145 गेंदों में सात चाकों की मदद से (72) रन बनाये। अगले ही ओवर में बुमहराह ने ट्रैविस हेड (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बुमराह ने मिचेल मार्श (चार) को भी अपना शिकार बना लिया। ऑस्ट्रेलिया का छठा विकेट एलेक्स कैरी (31) के रूप में गिरा। उन्हें आकाश दीप ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 86 ओवरों में छह विकेट पर 311 रन बना लिये है और स्टीव स्मिथ (नाबाद 68) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद आठ) क्रीज पर मौजूद है। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट लिये और वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और आकाश दीप ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन का स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी बल्लेबाजी..

बल्लेबाज.......................................................रन

सैम कॉन्स्टास पगबाधा जाडेजा.................................60

उस्मान ख्वाजा कैच के एल राहुल बोल्ड बुमराह..............57

मार्नस लाबुशेन कैच कोहली बोल्ड सुंदर ......................72

स्टीव स्मिथ नाबाद................................................68

ट्रैविस हेड बोल्ड बुमराह.........................................00

मिचेल मार्श कैच पंत बोल्ड बुमराह............................04

एलेक्स कैरी कैच पंत बोल्ड आकाश दीप......................31

पैट कमिंस नाबाद..................................................08

अतिरिक्त......................................11 रन

कुल 86 ओवर में छह विकेट पर 311 रन

विकेट पतनः 1-89, 2-154, 3-237, 4-240, 5-246, 6-299

भारत गेंदबाजी..

गेंदबाज..................ओवर..मेडन..रन..विकेट

जसप्रीत बुमराह..........21.....7.....75....3

मोहम्मद सिराज..........15.....2.....69....0

आकाश दीप...............19.....5.....59...1

रवींद्र जडेजा..............14.....2.....54...1

नीतीश कुमार रेड्डी.........5......0.....10....0

वॉशिंगटन सुंदर............12.....2.....37...1

# संजय मांजरेकर ने मेलबर्न टेस्ट में भारतीय टीम के चयन की आलोचना की, कहा-गिल को बाहर करना कठोर कदम

प्रात: किरण,/ एजेसी





नई दिल्ली,। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के चयन की आलोचना की और कहा कि बल्लेबाज शुभमन गिल को प्लेइंग इलेवन से बाहर करना एक गलत और कठोर फैसला था। टॉस के समय भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पुष्टि की कि शुभमन गिल बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर रहेंगे और वाशिंगटन सुंदर ने प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बनाई है। कप्तान ने यह भी कहा कि वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करेंगे। गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मांजरेकर ने कहा कि एमसीजी में टीम इंडिया के लिए प्लेइंग इलेवन का चयन अजीब था। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि गिल को बाहर करने और वाशिंगटन सुंदर को शामिल करने के फैसले से न तो गेंदबाजी मजबूत हुई और न ही बल्लेबाजी। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्लेइंग इलेवन का चयन अजीब है। नॉन-टर्निंग पिच पर किए गए बदलाव से न तो गेंदबाजी मजबूत हुई और न ही बल्लेबाजी। गिल को बाहर करना कठोर है। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में अनकैप्ड अंडर-19 बैटिंग सेंसेशन सैम कोंस्टास शामिल थे, जिन्होंने उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग की। दोनों टीमें इस प्रकार हैं- ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग इलेवनः उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड। भारत प्लेइंग इलेवनः यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

# मेलबर्न में विराट कोहली और सैम कोंस्टास के बीच हुई नोकझोंक



प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न,। मेलबर्न टेस्ट के पहले दिन भारत के सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू कर रहे सैम कोंस्टास के बीच टकराव हो गया। यह घटनाक्रम 10वें ओवर के दौरान घटित हुआ जब कोहली और कोंस्टास ओवर की समाप्ति के बाद पिच पर आपस में टकरा गए। इसके तुरंत बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच जुबानी भिड़ंत भी हुई लेकिन यह ज्यादा देर नहीं चली और उस्मान ख़्वाजा ने बीच बचाव कर दिया। सत्र में बाद में रिप्ले सामने आने पर यह दिखा कि कोंस्टास दूसरे छोर की ओर जा रहे थे लेकिन पिच के बाहर से गेंद को हाथ में टॉस करते हुए आ रहे कोहली कोंस्टास से टकरा गए। कोंस्टास ने चैनल सेवन को बाद में कहा, मैं समझ नहीं पाया। मैं दस्ताने ठीक कर रहा था और तब कंधे टकरा गए। लेकिन यह क्रिकेट में होता रहता है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कमेंट्री के दौरान कहा, जरा देखिए विराट कैसे चल रहे हैं। विराट पिच की दाईं तरफ गए और इस टकराव की शुरूआत उन्हीं की ओर से हुई। चैनल सेवन से बात करते हुए साइमन टॉफेल ने इस घटनाक्रम पर बात करते हुए इस घटना को आईसीसी के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत अनुचित करार दिया। टॉफेल ने कहा, डायरेक्टर द्वारा मुहैया कराए गए लॉन्ग शॉट से यह स्पष्ट होता है कि विराट कोहली अपनी लाइन बदलते हुए कोंस्टास की लाइन में आ रहे हैं।आईसीसी के कोड ऑफ कंडक्ट में एक प्रावधान है, जो अनुचित शारीरिक व्यवहार से संबंधित है। दिन के खेल की समाप्ति के बाद देखना होगा कि कोहली का यह व्यवहार इसके दायरे में आता है या नहीं। मुझे लगता है कि अंपायर और रेफरी इस मामले को गंभीरता से ले रहे होंगे। 19 वर्षीय कोंस्टास ने अपने टेस्ट डेब्यू पर महज 52 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। कोहली के साथ जब उनका टकराव हुआ तब वह 38 गेंदों पर 27 रन बनाकर खेल रहे थे। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर कुछ दर्शनीय स्कूप और रैंप शॉट खेलते हुए कॉन्स्टास ने छह चौके और दो छक्के की मदद से 65 गेंदों पर 60 रन बनाए। लंच ब्रेक से पहले वह रवींद्र जडेजा का शिकार बने।

# एंडी पाइक्रॉफ्ट 100 पुरुष टेस्ट में रेफरी बनने वाले चौथे मैच रेफरी बने

प्रात: किरण,/ एजेसी



मेलबर्न, । मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट में जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी पाइक्रॉफ्ट 100 पुरुष टेस्ट मैचों में मैच रेफरी बनने वाले चौथे व्यक्ति बन गए हैं। 1983 से 1992 तक जिम्बाब्वे के लिए तीन टेस्ट मैचों में 152 रन और 20 वनडे मैचों में 220 रन बनाने वाले पाइक्रॉफ्ट रंजन मदुगले (225 बार), जेफ क्रो (125 बार) और क्रिस ब्रॉड (123 बार) के साथ मैच रेफरी के रूप में यह अनूठी उपलब्धि हासिल करने वाले एक विशेष क्लब में शामिल हो गए हैं। उन्होंने आईसीसी के एक बयान में कहा, आईसीसी के एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी में शामिल होना और दुनिया भर में अलग-अलग संस्कृतियों को अपनाते हुए काम करने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान और खुशी की बात है। मैं आईसीसी को उसके समर्थन के लिए, मेरे साथी मैच अधिकारियों, भूतपूर्व और वर्तमान को, उनके पेशेवर रवैये और मित्रता के लिए, और मेरी पत्न ी, करेन और मेरे परिवार को, उनके प्रोत्साहन और सहनशीलता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक पुरस्कृत यात्रा रही है, और मैंने इसके हर पल को संजो कर रखा है। 1983, 1987 और 1992 के वनडे विश्व कप में जिम्बाब्वे के लिए खेलने वाले पाइक्रॉफ्ट ने 2009 से 238 पुरुष वनडे, 174 पुरुष टी20 और 21 महिला टी20 में भी काम किया है। मैं एंडी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि वह इस अद्भुत मील के पत्थर को पार कर रहे हैं झ आईसीसी मैच रेफरी के रूप में टेस्ट मैचों की एक शताब्दी। आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक- अंपायर और रेफरी सीन ईजी ने कहा, हमारे एलीट पैनल के एक अनुभवी सदस्य के रूप में, वह खेल की रक्षा और सुधार के लिए क्रिकेट की अपनी समझ का लगातार लाभ उठाते हैं। एंडी का खिलाड़ियों और साथियों द्वारा समान रूप से सम्मान किया जाता है, और हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारी टीम में हैं ‌ह्व मैच रेफरी बनने से पहले, पाइक्रॉफ्ट ने प्रशासन में काम किया था, जिम्बाब्वे अंडर 19 टीम का प्रबंधन किया था और सीनियर पुरुष टीम को कोचिंग दी थी।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : फखर ने बताया भारत, पाक सहित ये चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी

प्रात: किरण,/ एजेसी



इस्लामाबाद, । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है। फखर ने कहा है कि इसमें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फखर ने बासित अली से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इंग्लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेकर संशय भी दूर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूनार्मेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा। रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान में टूनार्मेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे। प्रत्येक स्थान पर तीन ग्रुप मैच आयोजित होंगे, साथ ही लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा। लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता, ऐसी स्थिति में फाइनल दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में आरक्षित दिन होंगे। इंग्लैंड एकमात्र भाग लेने वाला देश है जिसने इस बहुप्रतीक्षित आयोजन के लिए अपनी टीम की घोषणा की है। ग्रुप ए के शुरूआती मैच में पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। अगले दिन दुबई चरण की शुरूआत भारत और बांग्लादेश के बीच होगी।

# यशस्वी बनाएंगे कई रिकार्ड : मैक्सवेल



सिडनी, । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अपने टेस्ट करियर में 40 से अधिक शतक लगाने के साथ ही कई रिकॉर्ड बनाएंगे। मैक्सवेल के अनुसार हालातों के अनसार ढ़लने और बल्लेबाजी में कोई कमी नहीं होने का लाभ यशस्वी को मिलेगा। यशस्वी ने इस साल के शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके टीम में अपनी जगह पक्की की थी। मैक्सवेल ने कहा, ह्व जायसवाल एक ऐसा खिलाड़ी है जो संभवतः 40 से अधिक टेस्ट शतक लगाएगा और कुछ अलग रिकॉर्ड भी बनाएगा। उसके पास अलग-अलग हालातों से तालमेल बिठाने की जबरदस्त क्षमता है। इस युवा बल्लेबाज ने अभी तक 15 टेस्ट मैच में 58.07 की शानदार औसत से 1568 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक शामिल हैं। पर्थ में पहली पारी में वह खाता नहीं खोल पाए थे पर दूसरी पारी में उन्होंने दबाव में आये बिना शानदार वापसी की जिससे उनके बल्लेबाजी कौशल का पता चलता है। मैक्सवेल ने कहा, ह्यउसने कई तरह के शॉट खेले पर बीच में उसने जिस तरह से गेंदें छोड़ी और जिस तरह से वह बैक फुट पर जाकर खेला वह महत्वपूर्ण था। उसका फुटवर्क बहुत अच्छा है। उसमें कोई खास कमजोरी है। वह शॉर्ट पिच गेंद को अच्छी तरह से खेलता है, अच्छी ड्राइव करता है, स्पिन को अविश्वसनीय रूप से अच्छी तरह से खेलता है और दबाव झेल सकता है।

# साउदी आईएल टी20 सीजन 3 में शारजाह वारियर्स की कप्तानी करेंगे

प्रात: किरण,/ एजेसी



शारजाह,। शारजाह वारियर्स ने न्यूजीलैंड के आधुनिक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक टिम साउदी को आईएल टी20 के आगामी संस्करण के लिए टीम में शामिल करने की घोषणा की है। 4 वनडे विश्व कप और 6 टी20 विश्व कप में खेल चुके साउदी शारजाह वारियर्स की कप्तानी करेंगे, जो टूनार्मेंट में उनकी पहली उपस्थिति होगी। साउदी ने अपने करियर के विभिन्न चरणों में न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम की कप्तानी की है। 36 वर्षीय इस खिलाड़ी ने भारत में आईपीएल के 10 सीजन खेले हैं, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों के लिए खेला है, और यूके में द हंड्रेड और विटैलिटी ब्लास्ट में भी अपने खेल का प्रदर्शन किया है। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने 19 साल की उम्र में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने सबसे पहले टी20 क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने अपने देश के लिए वनडे और टेस्ट में अपना पहला मैच खेला। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में डेब्यू करते हुए साउदी ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट पॉल कॉलिंगवुड के रूप में लिया था। कुल मिलाकर, उन्होंने 126 टी20 मैच खेले हैं और 8 की इकॉनमी से 164 विकेट अपने नाम किए हैं। टी20 में इस तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 5/18 है। शारजाह वारियर्स का मानना है कि साउदी का अनुभव और खेल का ज्ञान आईएलटी20 के आगामी सीजन के लिए टीम को मजबूती देगा। आईएलटी20 सीजन 3 की शुरूआत 11 जनवरी से होगी और शारजाह वारियर्स अपना पहला मैच 12 जनवरी को गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेलेगा। इस अवसर पर बोलते हुए साउदी ने कहा,शारजाह वारियर्स के पास एक शानदार टीम है, जिसमें कई बेहतरीन बल्लेबाज और स्मार्ट तथा कुशल गेंदबाज हैं। इतने प्रतिभाशाली क्रिकेटरों की टीम की कप्तानी करना और उनके साथ रहना वाकई रोमांचक होगा। टीम प्रबंधन के साथ मेरी बातचीत भी अब तक काफी सफल रही है और हमें पूरा भरोसा है कि हमारा सीजन अच्छा रहेगा। मैं टीम में शामिल होने और टीम का नेतृत्व करने के लिए वाकई उत्साहित हूं। शारजाह वारियर्स के सीओओ क्षेमल वैनगंकर ने कहा, हम शारजाह वारियर्स टीम में कप्तान के रूप में टिम साउदी के शामिल होने से बेहद उत्साहित हैं। क्रिकेट के प्रति उनकी कार्यशैली और समर्पण बेमिसाल है और लड़ते रहने की उनकी दृढ़ता वारियर्स की भावना से पूरी तरह मेल खाती है। साउदी न केवल आईएलटी20 के आगामी संस्करण के लिए हमारी टीम को मजबूती देंगे बल्कि इसमें गहराई और अनुभव भी जोड़ेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व की गतिशील शैली हमारे लिए एक नए युग की शुरूआत करेगी।

# भारतीय महिला टीम की नजरें वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ करने पर

प्रात: किरण,/ एजेसी



वडोदरा, । भारतीय महिला टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी एक दिवसीय मैच में शुक्रवार को ह्यक्लीन स्वीपह्न के इरादे से उतरेगी। आस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे हारने के बाद भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की राह पर वापसी की है। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 300 से अधिक के स्कोर बनाये हैं। पहले मैच में स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने वाली पत्रिका रावल ने दूसरे वनडे में बेहतर प्रदर्शन करके उम्मीद जगाई है। हरलीन देयोल ने दूसरे मैच में तीसरे नंबर पर उतरकर शतक जड़ा और वह इस लय को कायम रखना चाहेंगी। पूरी तरह से फिट होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर भी आत्मविश्वास से भरी लग रही हैं लेकिन अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर ने तेज गेंदबाजी में अगुवाई की है जबकि युवा टिटास साधू को भी विकेट मिले हैं। लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा ने भी प्रभावित किया है। यह मुकाबला चूंकि औपचारिकता का है लिहाजा भारतीय टीम में तनुजा कंवर और तेजल हसब्निस को उतारा जा सकता है। वेस्टइंडीज टीम को जीत के साथ स्वदेश लौटने के लिये अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। उसके लिये सिर्फ हेली मैथ्यूज ही प्रभावित कर सकी हैं।

## टीमें

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, रिचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधु, साइमा ठाकुर, रेणुका सिंह ठाकुर।

वेस्टइंडीजः हेली मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल (उप-कप्तान), आलिया एलेने, शमिलिया कॉनेल, नेरिसा क्राफ्टन, डींड्रा डोटिन, अफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनेले हेनरी, जैदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मैंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरैक, राशदा विलियम्स।

मैच सुबह 9 .30 बजे शुरू होगा।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन रिकॉर्ड 87242 दर्शक एमसीजी में जुटे

प्रात: किरण,/ एजेसी

मेलबर्न, । मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन रिकॉर्ड 87242 दर्शक मैदान में जुटे जो दोनों टीमों के बीच टेस्ट क्रिकेट में एक दिन की उपस्थिति का नया रिकॉर्ड है। चौथे टेस्ट के पहले दिन के टिकट मैच से दो सप्ताह पहले ही बिक गए थे। दर्शकों को पहले दिन रोमांचक क्रिकेट भी देखने को मिला जब आस्ट्रेलिया के लिये पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास ने पहले सत्र में जसप्रीत बुमराह को दो छक्के जड़े। आखिरी सत्र में बुमराह ने भारतीय टीम को मैच में लौटाया। आस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर 311 रन बना लिये हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तानी हमले के बाद तालिबान ने की निंदा, बदला लेने की खाई कसम

काबुल। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए हैं। यह हमले अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में किए गए जिससे महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार रात हुए इन हमलों में लमन सहित कई गांवों पर हमले किए गए। सूत्रों का दावा है कि बमबारी के लिए पाकिस्तानी ने जेट विमान का इस्तेमाल किया। हवाई हमलों के बाद इलाके में तनाव और बढ़ गया है। मरने वालों में एक ही परिवार के पांच लोग शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमलों के बाद बचाव कार्य जारी है। इस बीच तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने पक्तिका पर हुए हवाई हमले के बाद जवाब देने की कसम खाई है। तालिबान ने कहा है कि अपनी धरती और संप्रभुता को बचाने के लिए वह कुछ भी कर सकता है। समूह ने हमले की निंदा करते कहा कि पाकिस्तान ने इन हमलों में वजीरिस्तानी शरणार्थियों को निशाना बनाया है। वजीरिस्तानी शरणार्थी वे लोग हैं जो पाकिस्तान के कबायली इलाकों में सेना के हमलों के बाद विस्थापित हुए थे।

### सीरिया में तख्तापलट के बाद छाया गंभीर आर्थिक संकट, पड़ी महंगाई की मार

दमिश्क। सीरिया में तख्तापलट और विद्रोहियों के कब्जे के बाद आज वह गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। हाल ही में राष्ट्रपति असद के देश छोड़ने और तख्तापलट के बाद यह संकट और गहरा गया है। गृहयुद्ध, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और वैश्विक अलगाव ने देश को महंगाई के ऐसे जाल में फंसा दिया है कि आम नागरिकों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किलों से घिर गई है। मीडिया रिपोर्ट में एक इंस्टाग्राम वीडियो में सीरिया के हालात बयां किए गए हैं। यहां के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग अब पर्स रखना छोड़ दिया हैं, क्योंकि सामान खरीदने के लिए नोटों के बंडल देने पड़ते हैं। यहां के रेस्टोरेंट में मेन्यू में कीमतें नहीं लिखी होतीं, क्योंकि कोई भी कीमत स्थिर नहीं है। विदेशी ब्रांड्स ने भी सीरिया से अपने उत्पाद हटा लिए हैं, और स्थानीय उत्पादों पर नागरिक निर्भर हो गए हैं। सीरिया के आर्थिक संकट की जड़ उसकी मुद्रा, सीरियन पाउंड में भारी गिरावट आई है। एक समय था जब एक अमेरिकी डॉलर 50 सीरियन पाउंड के बराबर था, लेकिन आज यह दर 15 हजार पाउंड प्रति डॉलर तक पहुंच गई है। हालात इतने खराब हैं कि एक कप कॉफी की कीमत 25 हजार सीरियन पाउंड है। इस वीडियो को 10 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है और लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा-यह देखना दिल तोड़ने वाला है कि एक देश इस स्थिति में पहुंच गया है। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा-ऐसे हालत में जीने की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

### इमरान खान के दूतों की आज अदियाला जेल में मुलाकात संभव

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दूतों के आज अदियाला जेल (रावलपिंडी सेंट्रल जेल) में अपने नेता इमरान खान से मिलने की उम्मीद है। पीटीआई संस्थापक और मुल्क के अपदस्थ प्रधानमंत्री खान इस जेल में लंबे समय से बंद हैं। सरकार ने उनके दूतों से गतिरोध खत्म करने पर लंबी चर्चा की है। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मांग है कि टकराव खत्म करने के लिए सबसे पहले पीटीआई के लोगों और समर्थकों की रिहाई के साथ न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की जाए। उन्होंने कहा कि दोनों प्रमुख मांगों को अगर मान लिया जाता है तो वह अपना सविनय सविज्ञा आंदोलन वापस ले लेंगे।

### कुर्स्क पर यूक्रेन के हमले में चार लोगों की मौत

मॉस्को। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की लपटों से कुर्स्क झुलस रहा है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि रूस के दक्षिण-पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के एलजीओवी शहर पर यूक्रेनी हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। द मॉस्को टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, कुर्स्क क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशेटिन ने टेलीग्राम पर लिखा, प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार यूक्रेनी सशस्त्र बलों की एलजीओवी में की गई बर्बर गोलाबारी में तीन लोगों की जान चली गई। एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। खिनशेटिन ने कहा कि पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सीरिया : घात लगाकर किए गए हमले में 14 अंतरिम सरकारी अधिकारियों की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

दमिश्क। सीरिया के अंतरिम आंतरिक मंत्रालय के 14 अधिकारी बुधवार को उत्तर-पश्चिमी प्रांत टार्टस में एक विश्वासघाती हमले में मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी आंतरिक मंत्री मोहम्मद अब्दुल रहमान ने दी। स्थानीय अल-वतन अखबार के हवाले से सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्री ने हमलावरों को पूर्व सरकार के अवशेष बताया। मंत्रालय ने कहा कि मारे गए अधिकारी सुरक्षा बनाए रखने और नागरिकों की रक्षा करने के लिए अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। इससे पहले, यह रिपोर्ट किया गया था कि टार्टस प्रांत में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन और स्थानीय सशस्त्र निवासियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, लड़ाई खारबेट अल-मज्जा गांव में तब शुरू हुई, जब स्थानीय लोगों ने सुरक्षा बलों द्वारा उनके घरों की जांच का विरोध किया, जिसके



बाद सशस्त्र निवासियों ने एचटीएस से जुड़े एक वाहन में आग लगा दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैन्य गठबंधन की यूनिट 82 और के9 दस्तों का एक बड़ा काफिला लताकिया प्रांत के पास के क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। इसमें यह भी बताया गया कि सीरिया के नए अधिकारियों का लक्ष्य उन सशस्त्र स्थानीय लोगों को पकड़ना है, जिन्हें वे ह्लपिछले शासन के अवशेषह्व मानते हैं। उनका उद्देश्य जनसांख्यिकीय रूप से विविध इस क्षेत्र में किसी भी सांप्रदायिक अशांति को रोकना है। सीरिया में बशर अल-असद की सरकार के हालिया पतन के बाद कई महत्वपूर्ण घटनाओं ने देश भर में सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा दिया है। बुधवार को अलेप्पो में अलावीट समुदाय के द्वारा पूजे जाने वाले एक मंदिर पर कथित हमले का वीडियो सामने आया, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और जवाबदेही की मांग की जाने लगी। अलावीट समुदाय के लोगों ने चिंता जताई कि नए अधिकारी उनके धार्मिक प्रतीकों की रक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। इस बीच, सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि ऐसी घटनाओं को अलग-थलग करना जरूरी है और चेतावनी दी कि पूर्व सरकार के समर्थक सांप्रदायिक मतभेदों का फायदा उठाकर कलह फैला सकते हैं।

# ट्रंप ने 'कनाडा के गवर्नर जस्टिन ट्रूडो' को क्रिसमस की दीं शुभकामनाएं

**ट्रंप ने अपनी पोस्ट में कहा कि यदि कनाडा संयुक्त राज्य अमेरिका का 51वां राज्य बन जाता है, तो उनके टैक्सों में 60 प्रतिशत से अधिक की कटौती हो जाएगी, उनके व्यवसायों का आकार तुरंत दोगुना हो जाएगा, और उन्हें अमेरिका की सैन्य सुरक्षा भी प्राप्त हो जाएगी जो दुनिया में किसी भी अन्य देश को नहीं मिलेगी। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि नेशनल हॉकी लीग (एनएचएल) के दिग्गज वेन ग्रेट्जकी को देश का नेतृत्व करना चाहिए।**

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कनाडाई पीएम पर फिर तंज कसा है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कनाडा का गवर्नर कहा है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में कहा कि यदि कनाडा संयुक्त राज्य अमेरिका का 51वां राज्य बन जाता है, तो उनके टैक्सों में 60 प्रतिशत से अधिक की कटौती हो जाएगी, उनके व्यवसायों का आकार तुरंत दोगुना हो जाएगा, और उन्हें अमेरिका की सैन्य सुरक्षा भी प्राप्त हो जाएगी जो दुनिया में किसी भी अन्य देश को नहीं मिलेगी। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि नेशनल हॉकी लीग (एनएचएल) के दिग्गज वेन ग्रेट्जकी को देश का नेतृत्व करना चाहिए।

ट्रंप की यह टिप्पणी उनकी उस वायरल टिप्पणी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने एक रात्रिभोज के बाद ट्रूडो को कनाडा के महान राज्य का गवर्नर कहा था। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा था, कनाडा के महान राज्य के गवर्नर जस्टिन ट्रूडो के साथ दूसरा रात्रिभोज करना खुशी की बात थी। मैं जल्द ही गवर्नर से फिर मिलने की उम्मीद करता हूं ताकि हम टैरिफ और व्यापार



पर अपनी गहन बातचीत जारी रख सकें, इसके परिणाम सभी के लिए वास्तव में शानदार होंगे! ट्रंप की इस टिप्पणी ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में नई तरह की डिबेट को जन्म दिया है। इसमें कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या यह जानबूझकर किया गया अपमान था। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कट्टरपंथी वामपंथी पागलों की भी आलोचना की। अपनी विवादास्पद टिप्पणियों में ट्रंप ने पनामा नहर पर अमेरिकी नियंत्रण के बारे में परोक्ष धमकी देते हुए कहा, सभी को मेरी क्रिसमस की शुभकामनाएं, जिसमें चीन के अद्भुत सैनिक भी शामिल हैं, जो प्यार से, लेकिन अवैध रूप से, पनामा नहर (जहां हमने 110 साल पहले इसके निर्माण में 38,000 लोगों को खो दिया था) का संचालन कर रहे हैं, हमेशा यह सुनिश्चित करते हुए कि संयुक्त राज्य अमेरिका मरम्मत के लिए अरबों डॉलर खर्च कर रहा है, लेकिन किसी भी चीज के बारे में कुछ भी कहने का हक उसके पास नहीं है। उन्होंने ग्रीनलैंड का भी उल्लेख किया था, व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा, ग्रीनलैंड के लोगों के लिए, जिनकी संयुक्त राज्य अमेरिका को राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों के लिए आवश्यकता है और जो चाहते हैं कि अमेरिका वहां हो, और हम वहां होंगे! ट्रंप ने वामपंथी आलोचकों पर भी निशाना साधते हुए लिखा, उन कट्टरपंथी वामपंथी पागलों को मेरी क्रिसमस, जो लगातार हमारी न्याय व्यवस्था और हमारे चुनावों में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं, और हमेशा संयुक्त राज्य अमेरिका के महान नागरिकों और देशभक्तों के पीछे पड़े रहते हैं, लेकिन विशेष रूप से, उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी, मेरे पीछे पड़े रहते हैं। उन्होंने उन पर राष्ट्रपति जो बाइडेन से माफी मांगने का आरोप लगाया, जिन्हें उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया, जिसे बिल्कुल भी पता नहीं है कि वह क्या कर रहे हैं।

ट्रंप ने बाइडेन द्वारा हाल ही में अपराधियों को दिए गए माफीनामे पर ऐतराज जताया था। लेकिन निराले अंदाज में पोस्ट भी डाली थी। कहा, उन 37 सबसे हिंसक अपराधियों को भी, जिन्होंने हत्या, बलात्कार और लूटपाट की, जैसा कि उनके पहले किसी ने नहीं किया था, लेकिन उन्हें स्लीपी जो बाइडेन द्वारा अविश्वसनीय रूप से माफी दे दी गई। मैं उन भाग्यशाली आत्माओं को क्रिसमस की शुभकामनाएं देने से इनकार करता हूं। इसके बजाय, मैं कहूंगा, नरक में जाओ!

# नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों को दी चेतावनी, बोले इजरायल हवाई हमला करने पर कर रहा विचार

**वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से कान टीवी ने कहा कि इजरायली वायु सेना, सैन्य खुफिया और संचालन निदेशालय पिछले सप्ताह के हमले के बाद यमन में काफी आक्रामक योजनाएं बना रहे हैं और टार्गेट सूची का विस्तार कर रहे हैं।**

प्रात : किरण/एजेंसी

यरूशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यमन में हूती बलों को भी इजरायल विरोधी समूहों जैसा ही परिणाम भुगतना पड़ेगा। नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हूती विद्रोहियों को भी वही सबक मिलेगा जो हमास, हिजबुल्लाह, असद सरकार और दूसरों को मिला है। हालांकि, इसमें समय लग सकता है। लेकिन, यह पूरे मध्य पूर्व के लिए एक सबक साबित होगा। इससे पहले बुधवार को हूती विद्रोहियों ने लगातार दूसरे दिन इजरायल की ओर जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार एक ड्रोन दक्षिणी इजरायल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कथित तौर पर हूती बलों द्वारा जवाबी मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद इजरायल यमन में हूती बलों के खिलाफ एक बड़े हमले पर विचार कर रहा है। मंगलवार को इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि सेना एक संभावित ऑपरेशन की तैयारी कर रही है। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से कान टीवी ने कहा कि इजरायली वायु सेना, सैन्य खुफिया और संचालन निदेशालय पिछले सप्ताह के हमले के बाद यमन में काफी आक्रामक योजनाएं बना रहे हैं और टार्गेट सूची का विस्तार कर रहे हैं।



पिछले साल अक्टूबर से हूती समूह ने गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजरायल पर कभी-कभी मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। इसके जवाब में इजरायल ने कई बड़े हवाई हमले किए, जिनमें से सबसे हाल ही में पिछले सप्ताह हुआ।

इस हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। बुधवार सुबह इजरायली मीडिया ने बताया कि यमन से एक मिसाइल तेल अवीव के पास पहुंचा, जिसके बाद सायरन बजने लगे। यमन के हूती समूह ने बाद में कहा कि उन्होंने बुधवार को इजरायली शहर तेल अवीव और अश्कलोन में दो ड्रोन भेजे, जो महत्वपूर्ण और औद्योगिक इलाकों को निशाना बनाने के लिए थे। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने एक बयान में कहा, हमने दो सैन्य अभियान चलाए, जिनमें से पहले ऑपरेशन में तेल अवीव शहर में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र को निशाना बनाया गया। दूसरे ऑपरेशन में अश्कलोन शहर में औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाया गया।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में बर्ड फ्लू का प्रकोप, राज्य में दूध उत्पादन में भारी गिरावट

प्रात : किरण/एजेंसी

सैक्रामेंटो। अमेरिका के कैलिफोर्निया में एवियन इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कैलिफोर्निया के अधिकारियों के अनुसार, बर्ड फ्लू ने अगस्त से अब तक 984 डेयरियों में से 659 को प्रभावित किया है। इनमें से एक-चौथाई मामले पिछले महीने में ही सामने आए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राज्य के डेयरी उद्योग में तेजी से फैल रहे इस वायरस के कारण गवर्नर गेविन न्यूसम ने राज्य में पिछले सप्ताह आपातकाल की घोषणा की थी।

कैलिफोर्निया के गवर्नर न्यूसम ने एक बयान में कहा, इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सरकारी एजेंसियों के पास इस विषम स्थिति से सामना करने का जरूरी संसाधन कितना है जिससे वो परिस्थिति के अनुसार तुरंत रिएक्ट कर सकें। अमेरिकी रोग नियंत्रण केंद्र (सीडीसी) की मंगलवार को जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस महामारी का मानवीय प्रभाव लगातार गंभीर होता जा रहा है, तथा कैलिफोर्निया में ऐसे 36 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। जो कि देश के कुल



65 मामलों के आधे से भी अधिक हैं, हालांकि वास्तविक संख्या इससे अधिक होने की संभावना है, क्योंकि हाल ही में स्थानीय स्तर पर पुष्टि के मामले संघीय आंकड़ों में अभी तक जुड़े नहीं हैं। कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी और स्टैनिस्लॉस काउंटी में सोमवार को दो नए मामलों की पुष्टि हुई थी। दोनों काउंटी के स्वास्थ्य विभागों के अनुसार, दोनों व्यक्ति अपने कार्यस्थल पर बर्ड फ्लू से संक्रमित पशुओं के संपर्क में आए थे। दोनों व्यक्तियों में इस वायरस के हल्के लक्षण थे और उनका एंटीवायरल दवाओं से इलाज किया गया था। बता दें कि इस वायरस पर नियंत्रण पाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी पूरे कैलिफोर्निया राज्य में अपशिष्ट जल की निगरानी कर रहे हैं।

# इंडोनेशिया: हिंद महासागर में 20 साल पहले आई सुनामी में मारे गए लोगों की याद में प्रार्थनाएं की गईं

प्रात : किरण/एजेंसी

बंदा असेह (इंडोनेशिया)। हिंद महासागर में 20 साल पहले आई सुनामी में मारे गए व्यक्तियों की याद में इंडोनेशिया के असेह प्रांत में बृहस्पतिवार को लोगों ने सामूहिक कब्रों पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और शोक प्रकट किया। उली लहुए गांव में सामूहिक कब्र पर काफी संख्या में लोग पहुंचे, जहां 14,000 से अधिक अज्ञात लोगों के शवों को दफनाया गया था। यह इंडोनेशिया के असेह प्रांत की



राजधानी बंदा असेह में मौजूद सामूहिक कब्रों में से एक है। सुनामी ने यहां सबसे ज्यादा तबाही मचाई थी। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के तट पर 26 दिसंबर, 2004 को 9.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसके बाद आई सुनामी में 12 से अधिक देशों में करीब 2,30,000 लोगों की जान चली गई थी। अकेले इंडोनेशिया में 1,70,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इसका असर पूर्वी अफ्रीका तक देखा गया था और करीब 17 लाख लोग बेघर हो गए थे। सुनामी के प्रभाव से इंडोनेशिया, श्रीलंका, भारत और थाईलैंड में सबसे ज्यादा लोग बेघर हुए थे।

# अमेरिका और दक्षिण कोरिया मिलकर उत्तर कोरिया पर लगाएंगे लगाम


प्रात : किरण/एजेंसी

सियोल। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की नजर पर चढ़े उत्तर कोरिया की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उत्तर कोरिया के क्रिप्टोकरेंसी चोरी के प्रयासों के खिलाफ दक्षिण कोरिया और अमेरिका संयुक्त रूप से अनुसंधान कर रहे हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। साइबर सुरक्षा उद्योग के अधिकारियों के अनुसार, दक्षिण कोरियाई सरकार और अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के बीच हाल ही में इस मामले में सहमति बनी है। अब दोनों पक्ष संयुक्त रूप से क्रिप्टोकरेंसी-लक्षित हमलों को रोकने के साथ चोरी की गई संपत्तियों को ट्रैक करने के लिए काम करेंगे। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी योजना एवं मूल्यांकन संस्थान के माध्यम से इस तरह के अनुसंधान को समर्थन देने की योजना बना रहा है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद बिटकॉइन की कीमत बढ़कर 100,000 डॉलर हो गई। इसके बाद हैकरों द्वारा संपत्तियों को चुराने का प्रयास किया गया। संयुक्त राज्य अमेरिका साइबर सुरक्षा अनुसंधान के लिए अन्य देशों के साथ सहयोग करता है। डिजिटल परिसंपत्ति ट्रैकिंग प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान के लिए दक्षिण कोरिया को चुना है। क्योंकि उत्तर कोरिया को क्रिप्टोकरेंसी चोरी के प्रयासों को लेकर अपराधी के तौर पर देखा जाता है। संयुक्त रूप से इस रिसर्च में कोरिया विश्वविद्यालय और रैंड कॉर्प अनुसंधान संस्थान सहित दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी शोधकर्ता, क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज से संपत्ति चुराने वाले हैकरों को रोकने और उन पर नजर रखने की तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# गाजा पर इजरायली हमले में मारे गए पांच पत्रकार

प्रात : किरण/एजेंसी

गाजा। इजरायल ने गुरुवार को गाजा पर हवाई हमला किया। इस हमले में कई लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों और घायलों की संख्या में इजाफा दर्ज किया जा सकता है, क्योंकि बताया जा रहा है कि कई लोग मलबे के नीचे दबे हुए हैं, जिन्हें निकालने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, इन मृतकों में पांच पत्रकार भी शामिल हैं, जो अल-अवदा अस्पताल के कवरेज के लिए आए थे। लेकिन, इजरायल के इस हवाई हमले में अस्पताल के आसपास स्थित गाड़ियां भी चपेट में गईं, जिस वजह से वहां मौजूद पत्रकारों को अपनी जान गंवानी पड़ी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सभी पत्रकार अल-कुद्स अल-यूम टीवी चैनल के लिए काम करते थे, जो अस्पताल के कवरेज के लिए आए थे। लेकिन, इस बीच हमला हो गया, जिसकी जद में आकर सभी को अपनी जान गंवानी



पड़ी। फिलिस्तीनी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जिस गाड़ी में हमला हुआ है, वो पत्रकारों की ही थी। उस गाड़ी से सभी पत्रकार रिपोर्टिंग कर रहे थे। फिलहाल, इस हमले को लेकर इजरायल की तरफ से किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं की गई है। इससे पहले 23 दिसंबर को गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 23 फिलिस्तीनी मारे गए थे। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने डब्ल्यूएएफए के हवाले से बताया था कि रविवार को मूसा बिन नुसायर स्कूल पर इजरायली बमबारी के परिणामस्वरूप तीन बच्चों और दो महिलाओं सहित कम से कम 9 लोग मारे गए थे और कुछ अन्य घायल हो गए थे।

**साइबर हमला** विशेषज्ञों ने जापान की साइबर सुरक्षा की कमजोरी के बारे में बार-बार चिंता जताई है, खास तौर पर तब जब देश अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ा रहा है।

# जापान एयरलाइंस पर साइबर हमला, साल के अंत में छुट्टियों के मौसम में उड़ानों में देरी

**एयरलाइन ने कहा कि उसने इसका कारण यह पता लगाया कि यह हमला नेटवर्क सिस्टम को डेटा के बड़े पैमाने पर प्रसारण से बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस तरह के हमले सिस्टम या नेटवर्क को तब तक बेहद व्यस्त कर देते हैं जब तक कि लक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिल जाती या सिस्टम क्रैश नहीं हो जाता। जेएएल ने कहा कि इस हमले में कोई वायरस शामिल नहीं था और न ही इससे ग्राहकों का कोई डेटा लीक हुआ। उसने कहा कि सुबह तक साइबर हमले के कारण 24 घरेलू उड़ानों में 30 मिनट से ज्यादा देरी हुई।**

प्रात : किरण, एजेंसी

तोक्यो। जापान एयरलाइंस (जेएएल) ने कहा कि बृहस्पतिवार को उस पर साइबर हमला होने के कारण उसकी 20 से ज्यादा घरेलू उड़ानों में देरी हुई, लेकिन उसने कुछ घंटों बाद अपने सिस्टम को बहाल कर लिया तथा उड़ान सुरक्षा पर भी कोई असर नहीं पड़ा। जेएएल ने कहा कि समस्या बृहस्पतिवार की सुबह तब शुरू हुई जब कंपनी के आंतरिक और बाहरी सिस्टम को जोड़ने वाले नेटवर्क में खराबी आने लगी। एयरलाइन ने कहा कि उसने इसका कारण यह पता लगाया कि यह



हमला नेटवर्क सिस्टम को डेटा के बड़े पैमाने पर प्रसारण से बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस तरह के हमले सिस्टम या नेटवर्क को तब तक बेहद व्यस्त कर देते हैं जब तक कि लक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिल जाती या सिस्टम क्रैश नहीं हो जाता। जेएएल ने कहा कि इस हमले में कोई वायरस शामिल नहीं था और न ही इससे ग्राहकों का कोई डेटा लीक हुआ। उसने कहा कि सुबह तक साइबर हमले के कारण 24 घरेलू उड़ानों में 30 मिनट से ज्यादा देरी हुई। विशेषज्ञों ने जापान की साइबर सुरक्षा की कमजोरी के बारे में बार-बार चिंता जताई है, खास तौर पर तब जब देश अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ा रहा है और अमेरिका तथा अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है, जहाँ साइबर सुरक्षा बहुत ज्यादा कड़ी है। जापान ने कदम उठाए हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि और काम करने की जरूरत है। जून में, जापान की अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि उसे 2023 से साइबर हमलों का लगातार सामना करना पड़ा है, हालांकि रॉकेट, उपग्रहों और रक्षा से संबंधित संवेदनशील जानकारी प्रभावित नहीं हुई है। एजेंसी निवारक उपाय करने के लिए जांच कर रही है। पिछले साल, एक साइबर हमले ने नागोया शहर के एक बंदरगाह पर एक कंटेनर टर्मिनल पर तीन दिनों तक परिचालन को ठप कर दिया था। बृहस्पतिवार को प्रस्थान करने वाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों के लिए जेएएल की टिकट बिक्री अस्थायी रूप से रोक दी गई थी, लेकिन बाद में यह फिर से शुरू हो गई। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने बृहस्पतिवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि परिवहन मंत्रालय ने जेएएल को सिस्टम को बहाल करने और प्रभावित यात्रियों को समायोजित करने के प्रयासों में तेजी लाने के लिए कहा है। टेलीविजन फुटेज में तोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पर कई यात्री टर्मिनलों में भीड़ दिखी, क्योंकि यह हमला साल के अंत में छुट्टियों के मौसम में हुआ। नए साल की छुट्टियों के लिए इस सप्ताहांत से कार्यालय बंद हो जाएंगे। यह साल का सबसे बड़ा उत्सव है, जब लाखों लोग शहरों से अपने गृहनगर वापस जाते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129